तहां मेरुगिरिका व्यास तौ दस हजार योजन है। बहुरि जंबूद्वीपका व्यास १००००० विषैं दीपका चार क्षेत्र १८० कौं दोऊ पार्श्वनिका ग्रहणके अर्थि दूणांकरि ३६० घटाइए तब अभ्यंतर वीथीका सूची व्यास निन्याणवै हजार छसै चालीस योजन हो है ९९६४० बहुरि चार क्षेत्रका प्रमाण ५१० कौं आधाकरि २५५ यामें द्वीपसंबंधी चार क्षेत्र १८० घटाइ अवशेष ७५ कौं दोऊ पार्श्वनिका ग्रहणके अर्थि दूणा १५० करि जंबूद्वीपका व्यास १००००० विषैं मिलाएं एक लाख एकसौ पचास योजन प्रमाण मध्यम वीथीका सूची व्यास हो है।

बहुरि लवण समुद्र संबंधी चार क्षेत्र ३३० कौं दोऊ पार्श्वनिका ग्रहणकै अर्थि दूणा ६६० करि जंबू द्वीपका व्यास १००००० विषैं मिलाएं एक लाख छसै साठि योजन प्रमाण बाह्य वीथीका सूची व्यास होहै बहुरि लवण समुद्रका व्यास २००००० को छहका भाग देइ

छत्रराशि ३३३३३$\frac{२}{६}$ कों दोऊ पार्श्वनिकौं ग्रहणके अर्थि दूणा करि ६६६६६$\frac{४}{६}$ जंबूद्वीपके व्यास १०००१० विषैं मिलाए एक लाख छासठि हजार छसै छासठि योजन अर अपवर्तन किएं दोयका तीसरा भाग प्रमाण जल षष्ठ भागका व्यास हो है।

अब इन पांचौं व्यासनिकौं—" विक्खं भवग्गदहगुणकारिणीवट्टस परिहियं होदि " इस करणसूत्रकरि परिधिका प्रमाण ल्याइये तब मेरु-गिरिका परिधि इकतीस हजार छसै बाईस योजन ३१६२२ अभ्यंतर वीथीका परिधि तीन लाख पंद्रह हजार निवासी योजन, मध्यम वीथीका परिधि तीन लाख सोलह हजार सातसै योजन, बाह्य वीथीका परिधि तीन लाख अठारह हजार तीनसै चौदह योजन, जल षष्ठ भागका परिधि पांच लाख सत्ताईस हजार छियालीस योजन प्रमाण है ऐसैं परिधिका प्रमाण ल्याइ इन परिधिनिविषैं जो विवक्षित परिधि होइ ताकों साठिका भाग दिएं पांचसै सत्ताईस योजन अर एकका तीसवां भाग प्रमाण होइ।

बहुरि जिस मास विषैं सूर्य तिष्ठै तिस मास संबंधी दिन रात्रिके मुहूर्तनिका अठारहसौं लगाय बारहपर्यंत प्रमाण १८ । १७ । १६ । १५ । १४ । १३ । १२ तिहकरि गुणिए । जैसे पूर्वोक्त प्रमाण ५२$\frac{७१}{३०}$ कों अठारह करि गुणैं चौराणवैसै छियासी योजन अर अठारहका तीसवां भागकौं छइकरि अपवर्तन किएं तिनका पांचवा भाग प्रमाण होइ ९४८६ ऐसैं किएं जो जो प्रमाण आवैं सो ताप तमका विषयभूत क्षेत्र जाननां।

भावार्थ—मेरुगिरिका परिधि इकतीस हजार छसै बाईस योजन है ३१६२२ तीहविषैं श्रावण मासिविषैं जहां अठारह मुहूर्तकी रात्रि

हो है तहां चौराणवैसै छियासी योजन अर योजनका तीन पांचवां भागविषैं तौ एक सूर्यके निमित्तैं तावडा है। अर तिनके वीचि अंतरालविषैं तरेसठिसै तेईस योजन अर दोयका पंचम भागविषैं अंधकार है, अर ताके सन्मुख दूसरा अंतरालविषैं इतनाही अन्धकार है, अर ताके सन्मुख दूसरा अंतरालविषैं इतनाही अंधकार है इन सबनिको जोडैं ९४८३ । $\frac{६}{५}$ ॥ ६३२४ । $\frac{२}{५}$ । ९४८६ । $\frac{३}{५}$ ॥ ६३२४ ॥ $\frac{२}{५}$ ॥ इकतीस हजार छसै बावीस योजन प्रमाण परिधि हो है। ऐसेंही अन्य परिधिनिविषैं जाननां।

बहुरि विवक्षित परिधिकौं साठिका भाग देइ एक मुहूर्त करि गुणें जो प्रमाण आवैं तितना मासप्रति तापतमका घटती बधती क्षेत्रका प्रमाणरूप हानिचय जाननां तहां विवक्षित मेरुगिरिका परिधिकौं साठिका भाग देइ एक मुहूर्त करि गुणैं पांचसै सत्ताइस योजन अर एकका तीसवां भाग प्रमाण हानिचय होइ। एक मुहूर्त रात्रिदिन कैसें घटै बधै सो कहिए है। एक दिनविषैं दोय एकसठिवां भाग प्रमाण हानिचय होय तौ माढा तीस दिनविषैं कितना हानिचय होइ ऐसैं करतैं अपवर्तनकिंए एक मुहूर्त एक मासविषैं आवै है। बहुरि साठि मुहूर्तविषैं सर्व परिधि प्रमाणविषैं गमन करै तो एक मुहूर्तविषैं कितना क्षेत्रविषैं गमन करै ऐसैं परिधिका साठिवां भाग प्रमाण एकमुहूर्तविषैं गमन क्षेत्रका

भावार्थः—मेरुगिरिका परिधि इकतीस हजार छसै बाईस योजन दिन है ३१६२२ तीहविषैं श्रावणमासविषैं जहां अठारह मुहूर्तका बारह मुहूर्तकी रात्रि हो है तहां चौराणवैसै छियासी योजन अर योजनका तीन पांचवां भागविषैं तौ एक सूर्यके निमित्तैं तावडा पाइए हैं। अर ताके सन्मुख इतनाहीं दूसरे सूर्यके निमित्तैं तावडा है। अर तिनके वीचि अंतरालविषैं तरेसठिसै तेईस योजन अर दोयका पंचम भागविषैं अंधकार है, अर ताके सन्मुख

दूसरा अंतरालविषैं इतनाहीं अंधकार है इन सबनिको जोडैं

९४८३ । $\frac{२}{५}$ ॥ ६३२४ । $\frac{२}{५}$ ॥ ९४८६ । $\frac{३}{५}$ ॥ ६३२४ । $\frac{२}{५}$ ॥

इकतीस हजार छसै बाईस योजन प्रमाण परिधि होहै । ऐसैं ही अन्य परिधिनिविषैं जाननां । बहुरि विवक्षित परिधिकौं साठिका भाग देइ एक मुहूर्तकरि गुणैं जो प्रमाण आवै तितना मास प्रति तापतमका घटती बधती क्षेत्रका प्रमाणरूप हानिचय जाननां तहां विवक्षित मेरुगिरिका परिधिकौं साठिका भाग देइ एक मुहूर्त करि गुणैं पांचसै सताईस योजन अर एकका तीसवा भाग प्रमाण हानिचय होइ । एक मासविषैं एक मुहूर्त रात्रिदिन कैसैं घटैं बधै सो कहिए हैं । एक दिनविषैं दोय इकसठिवां भाग प्रमाण हानिचय होय तौ साढा तीस दिनविषैं हानिचय होइ ऐसैं करतैं अपवर्तन किएं एक मुहूर्त एक मासविषैं आवैहै ।

बहुरि साठि मुहूर्तविषैं सर्व परिधि प्रमाण विषैं गमन करै तौ एक मुहूर्तविषैं कितनां क्षेत्रविषैं गमन करै ऐसैं परिधिका साठवां भाग प्रमाण एक मुहूर्तविषैं गमन क्षेत्रका प्रमाण आवैहै ।

भावार्थः—मेरुगिरिका परिधिविषैं श्रावणमासतैं भाद्रवमासविषैं पांचसै सताईस योजन अर एकका तीसवां भाग प्रमाण तापक्षेत्र घटतो है तम क्षेत्र बधता पाइए है । तहां एक सूर्यसंबंधी तापक्षेत्र निवासीसैं गुणसठि योजन अर सतरह तीसवां भाग अर इतनाही दूसरा सूर्य संबधी । बहुरि एक अंतराल विषैं तम क्षेत्र अडसठिसैं इक्यावन योजन अर ग्यारह सतरह वां भाग अर इतनांही दूसरा अंतरालविषैं ऐसैं सर्व मिलि मेरुगिरिका परिधिप्रमाण हो है । ऐसैंही पूस मास पर्यंत दक्षिणायन विषैं तौ मास मास पर्यंत पांचसैं सताईस योजन अर एकका तीसवां भाग प्रमाण आताप क्षेत्र तौ घटता घटता अर तम क्षेत्र बधता जाननां ।

बहुरि माघतैं फाल्गुनादिक आषाढ पर्यंत उत्तरायण विषैं मास मास पर्यंत तितनांही ताप क्षेत्र बधता बधता अर तम क्षेत्र घटता घटता जानना। ऐसैं ही सर्व परिधिनि विषै तापतम क्षेत्रका प्रमाण विवक्षित मास विषैं ल्यावना। बहुरि इहां पांच परिधि विषै मास मासनिकी अपेक्षा वर्णन किया है इस ही प्रकार विवक्षित क्षेत्र का परिधिविषैं विवक्षित दिन अपेक्षा ताप तम क्षेत्रका प्रमाण ल्यावना। बहुरि इहां जंबूद्वीप संबंधी सूर्यनिका लवणसमुद्रके व्यासका छठा भाग पर्यंत प्रकास है तातैं तहां पर्यंत ग्रहण किया है। बहुरि जिस क्षेत्र विषै ताप है तहां दिन जानना जहां तम है तहां रात्रि जाननी ॥ ३८२ ॥

आगैं ऐसैं ल्याया जु ताप तमका क्षेत्र ताका प्रवर्तनकौं कहैं हैं—

परिहिम्हि जम्हि चिठ्ठिदि सूरो तस्सेव तावमाणदलं ॥
बिंब पुरदो पसप्पदि पच्छाभागे य सेसद्धं । ३८३ ॥
परिधौ यस्मिन् तिष्ठति सूर्यः तस्यैव तापमानदलम् ॥
बिंबपुरतः प्रसर्पति पश्चाद्भागे च शेषार्धम् ॥ ३८३ ॥

अर्थ—जिस परिधिविषै सूर्य तिष्ठै है तिस परिधिहीका तापका जो प्रमाण ताका आधा तौ सूर्यके बिंबतें आगैं फलै है, अव शेष आधा पीछैं फैलै है।

भावार्थः—परिधिविषैं जो तापका प्रमाण कह्या तिह विषै जहां सूर्यका बिंब पाइए तिह क्षेत्रकै आगै तिस प्रमाणतैं आधा ताप फैलै है, अर आधा पीछै फैलै है।

इहां प्रश्न—जो मेरुगिरिकी परिधीनै आदि देकरि जिन परिधि-निविषैं सूर्यका गमन नाहीं तहां ताप कैसे फैलै है? ताका समाधान—सूर्य बिंबतैं सूघासन्मुख जो तिस विवक्षित परिधि विषैं क्षेत्र तातैं आगैं पीछैं आधा ताप फैलै है। बहुरि ऐसा जानना जैसैं चिराककै आगैं

पीछैं प्रकाश हो है। बहुरि जैसैं जैसै चिराक आगानैं चालैं तैसैं तैसैं आगानैं तौ प्रकाश होता जाय पीछेतैं अंधकार होता आवै तैसैं ही सूर्य बिंब जैसैं जैसैं आगैं चलै तैसैं तैसैं आगैं ताप फैलता जाय पीछैं पीछैं तम होता आवै है॥ ३८३॥

अब ताप तमकी हानि वृद्धिकौं कहै हैं—

पणपरिधीयो भजिदे दसगुण सूरंतरेण जल्लद्धं ॥
साहोदि हाणिवड्ढी दिवसे दिवसे च तावतमे ॥ ३८४ ॥
पंच परिधिषु मक्तेषु दशगुण सूर्यांतरेण यल्लब्धं ॥
सा भवति हानिवृद्धिर्दिवसे दिवसे च तापतमसा ॥३८४॥

अर्थ. पांचौ परिधिविषैं दशगुणां सूर्यके अंतरालनिका भाग दिएं जो लब्धिराशि होइ सो दिन दिन विषैं तापतमकी हानि वृद्धीका प्रमाण जाननां। तहां पंच परिधिनिविषैं विवक्षित मेरुगिरि परिधि तहां साठि मुहूर्तनिविषै इकतीस हजार छहसै बाईस योजन प्रमाण क्षेत्रविषैं गमन करै तौ दोय मुहूर्तका इकसठिवा भागमात्र दिनका वृद्धिहानिका जो प्रमाण तामें कितनां गमन करै ऐसैं तिस परिधिप्रमाणकौं साठिका भाग दिएं दोयका इकसठि भाग करि गुणें दोय करि अपवर्तन किएं सत्रह योजन अर पांच सौ बाराका अठारहसै तीसवां भाग प्रमाण आवै सोई सूर्यके गमन मार्गनिका अतराल एकसौ तियासी ताकौं दसगुणां किएं अठारहसै तीस ताका भाग विवक्षित मेरुगिरिके परिधि प्रमाणकौं दीएं प्रमाण आवै तातैं ऐसा विचारि आचार्यनैं ऐसा कह्या कि विवक्षित परिधिकौं दशगुणां सूर्यांतरालका भाग दिएं ताप तमका वृद्धिहानिका प्रमाण आवै है। ऐसैं सतरह योजन अर पांचसै बारहका योजन अर पांचसै बारहका अठारहसै तीसवां भाग प्रमाण दिन दिन प्रति उत्तरायण विषैं ताप बधै है तम घटै है, दक्षिणायन विषैं तम बधै

है ताप घटै है। याही प्रकार अन्य परिधिनिविषैं दिन दिन प्रति ताप तमका घटनां बधनां ल्यावनां ॥ ३८४ ॥

आगैं पांचौ परिधिनिके सिद्ध भए अंकनिकौं दोय गाथानिकरि कहै हैं—

बावीस सोल तिण्णिय उणण उदीपण्णमेक्कतीसं च ॥
दुखसत्तछिगितीसं चोद्दस तेसीदि इगितीसं ॥ ३८५ ॥
द्वाविंशतिः षोडश त्रीणि एकोननवतिपंचाशदेकत्रिंशच्च ॥
द्विख सप्तषष्ठ्येकत्रिंशत् चतुर्दशत्र्यशीतिरेकत्रिंशत् ॥३८५॥

अर्थः—बाईस सोला तीन ३ १६ २२ इन अंक क्रम करि इकतीस हजार छसै बाईस योजन प्रमाण मेरुगिरिका परिधि है बहुरि निवासी पचास इकतीस ३१५०८९ इन अंक क्रमकरि तीन लाख पंद्रह हजार निवासी योजन प्रमाण अभ्यंतर वीथीका परिधि है। बहुरि दोय बिंदी सदसठि इकतीस ३१६७०२ इन अंक क्रमकरि तीन लाख सोलह हजार सातसै दोय योजन प्रमाण मध्य वीथीका परिधि है। बहुरि चौदह तियासी इकतीस ३१८३१४ इन अंक क्रमकरि तीन लाख अठारह हजार तीनसौ चौदह योजन बाह्य वीथीका परिधि है ॥ ३८५ ॥

छादालसुण्णसत्तयबावण्णं होंति मेरुपहुदीणं ॥
पंचण्हं परिधीओ कमेण अंकक्कमेणेव ॥ ३८६ ॥
षट्चत्वारिंशच्छून्यसप्तकद्विपंचाशत् भवति मेरुप्रभृतीनां ॥
पंचानां परिधयः क्रमेण अंकक्रमेणैव ॥ ३८६ ॥

अर्थः—छियालीस सून्य सात बावन ५२७०४६ इन अंक क्रमकरि पांच लाख सताईस हजार छियालीस योजन प्रमाण जल पृष्ठभागका परिधि है। ऐसें मेरु आदि जे पंचनिका परिधि है सो क्रमकरि अंकनिका अनुक्रमकरि जाननां ॥ ३८६ ॥

आगैं जिनका प्रमाण समान नाहीं ऐसी जु अभ्यन्तरादि परिधि तिनकौं समान कालकरि कैसैं समाप्त करै हैं सो कहैं हैं—

णीयंता सिग्घगदी पविसंता रविससी दु मन्दगदी ॥
विसमाणि परिरयाणि दु साहंति पमाणकालेन ॥ ३८६ ॥
निर्यांतौ शीघ्रगती प्रविशंतौ रविशशिनौ तु मंदगती ॥
विषमान् परिधीस्तु साधयतः ममानकालेन ॥ ३८७ ॥

अर्थ—सूर्य अर चंद्रमा ए निकसते हुए ज्यों ज्यों अगली परिधिकौं प्राप्त हुए त्यों त्यों शीघ्र गमनरूप हो हैं उतावले चले हैं। बहुरि पैसते हुए ज्यौं ज्यौं माहिली परिधिनिकौं प्राप्त होइ त्यौं त्यौं मंद गमनरूप हो है धीरे चलै हैं। ऐसै होइ समानकालकरि विषम प्रमाणकौं लिएं जु अभ्यंतरादि परिधि तिनकौं समाप्त करै हैं गमनकरि साधै हैं ॥३८६॥

आगैं तिन सूर्य चंद्रमानिका गमन विधान दृष्टांत मुखकरि कहै हैं—

गय हय केसरि गमणं पढमे मज्झंतिमे य सूरस्स ॥
पडिपरिहिं रविससिणो मुहुत्तगदिखेत्तमाणिज्जो ॥३८८॥
गजहरिकेसरि गमनं प्रथमे मध्ये अंतिमे च सूर्यस्य ॥
प्रतिपरिधि रविशशिनोः मुहूर्तगतिक्षेत्रमानेयम् ॥ ३८८ ॥

अर्थ—गज घोटक केशरी गमन प्रथम मध्य अंतविषैं सूर्य चंद्रमाके होहै। भावार्थ—सूर्य चंद्रमा अभ्यंतर परिधिविषैं हस्तीवत् मंद गमन करै हैं, बहुरि मध्य परिधिविषैं घोटकवत् तातैं शीघ्र करै हैं। बहुरि बाह्य परिधिविषैं सिंहवत् अति शीघ्र गमन करै है।

बहुरि अब सूर्य चंद्रमानिके परिधि परिधि प्रति एक मुहूर्तविषैं गमनका प्रमाण ल्यावनां। कैसैं सो कहिए हैं—तहां सूर्यका परिधिविषैं भ्रमणकी समाप्तताकी काल साठि मुहूर्त है। बहुरि अभ्यन्तर परिधिका प्रमाण तीन लाख पंद्रह हजार निवासी योजन है सो सूर्यके साठ मुहूर्त-

निका गमन क्षेत्र तीन लाख पंद्रह हजार निवासी योजन होइ तौ एक मुहूर्तका कितना होइ। ऐसैं परिधि प्रमाणकौं साठिका भाग दिएं पांच हजार दोयसौ इक्यावन योजन अर गुणतीसका साठिवां भाग मात्र सूर्यका अभ्यंतर परिधिविषैं एक मुहूर्त करि गमन क्षेत्रका प्रमाण होइ है। ऐसैं ही अन्य विवक्षित परिधिके प्रमाणकौं साठिका भाग दिएं सूर्यका विवक्षित परिधिविषैं एक मुहूर्त करि गमन क्षेत्रका प्रमाण साधनां। बहुरि ऐसैंही चंद्रमाका भी त्रैराशिक विधानकरि ल्यावनां। तहां चंद्रमांका परिधिविषैं भ्रमणकी समाप्त ताका काल बासठि मुहूर्त अर तेईसका दोयसै इकईसवां भाग प्रमाण ६२।२३
२२१

याका विधान आगैं "अड्डडोसत्तरस" इत्यादि सूत्रकरि कहेंगे॥ याकौं समच्छेदकरि मिलाएं तेरह हजार सातसै पचीसका दोयसै इकईसवां भाग मात्र भया सो इतने कालविषैं अभ्यंतर परिधिका प्रमाण तीन लाख पंद्रह हजार निवासी योजनप्रमाण गमन क्षेत्र होइ तौ एक मुहूर्तविषैं कितना होइ। प्रमाण १३७२५ फल ३१५०८९ इच्छा मु १ ऐसैं करि लब्धि
२२१

राशि पांचहजार तहेत्तरि योजन अर सात हजार सातसै चवालीसका तेरह हजार सातसै पच्चीसवां भाग मात्र ५०७३। ७७४४ चंद्रमाका
१३७२५

अभ्यंतर परिधिविषैं एक मुहूर्तका गमन क्षेत्रका प्रमाण आया। ऐसैं ही अन्य विवक्षित परिधिके प्रमाणकौ बासठि अर तेईसका दोयसै इकईसवां भागका भाग दिएं विवक्षित परिधिविषै एक मुहूर्तका गमन क्षेत्रका प्रमाण आवै है॥ ३८८॥

आगैं अभ्यंतर वीथीविषैं तिष्ठता जु सूर्य ताका चक्षुःस्पर्शध्वान जो दृष्टि विषैं आवनेका मार्ग ताकौं तीन गाथानिकरि कहावै है—

सट्ठिहिदपढमपरिहिं णवगुणिदे चक्खुफासअद्धाणं ॥
तेणूणं णिसहाचलचावद्धं जं पमाणमिणं ॥ ३८९ ॥
षष्ठिहितप्रथमपरिधौ नवगुणिते चक्षुःस्पर्शाध्वा ॥
तेनोनं निषधाचलचापार्धं यत् प्रमाणमिदम् ॥ ३८९ ॥

अर्थः—प्रजम परिधिका प्रमाणकौं साठिका भाग देइ नवकरि गुणिए इतना चक्षुस्पर्शअध्वान हैं। तहां साठि मुहूर्तनिका प्रथम परिधि तीन लाख पंद्रह हजार निवासी योजन प्रमाण गमन क्षेत्र होइ तौ नव मुहूर्तनिका कितना गमन क्षेत्र होइ ऐसैं प्रथम परिधिकौं साठिका भाग ही नवका गुणाकार भया। इनकौं तीन करि अपवर्तन किए वीसका भागहार तीनका गुणाकार हो है। तहां प्रथम परिधिकौं ३१५०८९ वीसका भाग देइ $\frac{३१५०८९}{२०}$ तीनकरि गुणिए ९४५२६७ तब अठधराशि सैंतालीस हजार दोयसैतरेसठि योजन अर सातका वीसवां भाग मात्र चक्षुस्पर्शाध्वान हो है।

भावार्थः—अयोध्या नाम नगरका वासी महंत पुरुषनिकरि उत्कृष्ट-पने सैंतालीस हजार दोयसै तरेसठि योजन अर सातका वीसवां भाग मात्र क्षेत्रका अंतराल होतैं सूर्य देखिए हैं इतना ही चक्षु इंद्रीका उत्कृष्ट विषय है याहीका नाम चक्षुस्पर्शाध्वान है।

बहुरि इहां अठारह मुहूर्तका जु दिन ताका आधा भएं मध्यान्ह-विषैं सूर्य अयोध्याकी बरोबरी आवे अर इहां उदय होता सूर्यका ग्रहण है तातैं नवका गुणकार किया है। अर परिधिविषैं भ्रमणकाल साठि मुहूर्त है तातैं साठिका भागहार किया है।

बहुरि निषध नामा कुलाचल ताका चापका प्रमाण एक लाख तेईस हजार सातसै अडसठि योजन अर अठारह उगणीसवां भाग ताका आधा इकसठि हजार आठसै चौरासी योजन अर नवका उगणीसवां

भाग तामैं पूर्वोक्त चक्षुःस्पर्शाध्वानका प्रमाण ४७२६३ $\frac{७}{२०}$ घटाइए अब शेष जो प्रमाण रहै ॥ ३८९ ॥

सो आगली गाथाविषैं कहैं हैं:—

इगिवीस छदालसयं साहिय मागम्म णिसहउवरिमिणो ॥
दिस्सदि अउज्झमज्झे ते णूणो णिसहपासभुजो ॥ ३९० ॥
एकविंशतिषट्चत्वारिंशच्छतं साधिकं आगत्य निषधोपरि इनः
दृश्यते अयोध्यामध्ये ते नोनः निषधपार्श्वभुजः ॥ ३९० ॥

अर्थः—इकवीस एकसौ छियालीस अंक क्रमकरि चौदह हजार छसै इकइस तौ योजन अर साधिक कहिए किछू अधिक कितनां? चक्षुस्पर्शध्वानका अवशेष सातका विसवां भागकौं निषध चापका अब शेष नवका उगणीसवां भागविषैं समछेद विधानकरि $\frac{१३३१८०}{२००३८०}$ घटाएं सैंतालीसका तीनसै असीवां भाग $\frac{४७}{३८०}$ मात्र अधिक जाननां। सो निषध कुलाचलकै ऊपरि इतनै १४६२१। $\frac{४७}{३८०}$ उरैं आइ करि सूर्य है सो अयोध्याकै मध्य महंत पुरुषनिकरि देखिए हैं।

भावार्थ.—प्रथम वीथीविषैं भ्रमण करता सूर्य सो निषध कुलाचलका उत्तर तटतैं चौदह हजार छसै इकईस योजन अर सैंतालीस तीनसै अस्सीवां भाग उरैं आवै तब भरत क्षेत्रविषैं उदय हो है। अयोध्याके वासी महंत पुरुषनिकरि देखिए हैं। बहुरि निषधकी पार्श्वभुजा वीस हजार एकसै छिनवै योजन प्रमाण तामैं निषध उरैं आइ सूर्य देखनेंका जो प्रमाण कह्या १४६२१। $\frac{४७}{३८०}$ ताकौं घटाइएं ॥ ३९० ॥

आगैं कहिए है सो है:—

णिसहुवरि गंतव्वं पणसगवण्णास पंचदेसूणा ॥
तेत्तियमेत्तं गत्ता णिसहे अत्थं च जादि रवी ॥ ३९१ ॥
निषधोपरि गतव्यं पचसप्तपंचाशत् पंचदेशोना ॥
तावन्मात्रं गत्वा निषधे अस्तं च याति रविः ॥ ३९१ ॥

अर्थः—निषधके ऊपरि जानां पांच सतावन पांच इन अंक क्रम-करि पांच हजार पांचसै पिचहत्तरि योजन देशोन कहिए किछूघाटि इतना निषध पर्वत ऊपरि जाइ सूर्य अस्तपनैंकौं प्राप्त होहै।

भावार्थः—परिधिविषैं भ्रमण करतां सूर्य जब निषधपर्वतका दक्षिण तटतैं परैं किछूघाटि पचावनसै पिचहत्तरी योजन जाई तब अस्त हो है। अयोध्यादिक भरतक्षेत्रके वासिनी करि न देखिए ॥ ३९१ ॥

अब जाका प्रयोजन तिस चापके ल्यावनैंकौं तिसके बाण ल्याव-नैंका विधान कहै हैं, चापादिकका वर्णन तौ आगै होइगा इहां प्रयोज-नभूत वर्णन करिए है—

जंबूचारधरूणो हरिवस्ससरो य णिसहवाणो य ॥
इह बाणावट्टं पुण अब्भंतरवीहि वित्थारो ॥ ३९२ ॥
जंबूचारधरोनः हरिवर्षशरः च निषधबाणश्च ॥
इह बाणवृत्तं पुनः अभ्यंतरवीथीविस्तारः ॥ ३९२ ॥

अर्थः—धनुषाकार क्षेत्रविषैं जैसै धनुषका पीठ हो है तैसैं जो होइ ताका नाम धनुष है वा ताका नाम चाप भी है। बहुरि जैसैं धनु-षकै हो है तैसैं जो होइ ताका नाम जीवा है। बहुरि जैसैं तिस धनुषका मध्यतैं जीवाका मध्य पर्यंत तीरका क्षेत्र हो है तैसै जो होई ताका नाम बाण है। सो इहां जंबूद्वीपकी पेदी अर हरि क्षेत्र वा निषध पर्वतकै बीचि जो क्षेत्र सो धनुषाकार क्षेत्र हो है। तहां हरि क्षेत्र वा निषध

पर्वततैं लगाय वेदी पर्यंत अंतराल क्षेत्र सो बाण कहिए वेदी ताका प्रमाण ल्याइए हैं तहां भरत क्षेत्रकी एक शलाका हिमवन् पर्वतकी दोय इत्यादि विदेह पर्यंत दूणी दूणी पीछैं आधी २ शलाका जोडैं सर्व जंबूद्वीपविषैं एकसौ निवै शलाका कहिए विसवा हो हैं।

तहां भरतक्षेत्रतैं लगाय हरिवर्ष पर्यंत जोड इकतीस शलाका होहैं। कैसैं?— " अतधणं गुण गुणिय आदि विहीणं रूऊणुत्तर भजियं।" इस सूत्रकरि अंतविषैं हरिवर्षकी शलाका सोलह ताकौं भरतादिकतै दोयका गुणकार है। तातैं गुणकार दोय करि गुणैं बत्तीस तामैं आदि भरत क्षेत्रकी शलाका एकसौ घटाएं इकतीस, याकौं एक घाटि गुणकार एक ताका भाग दीएं भी, ऐसैं हरि वर्ष शलाका इकतीस है। बहुरि याही प्रकार निषधशलाका तेरसठि होहै। बहुरि एकसौ निवै शलाका-निका एक लाख योजन क्षेत्र होइ तौ इकतीस वा तेरसठि शलाकानिका केता होइ ऐसैं किए हरि वर्षका बाण तौ तीन लाख दश हजारका उगणीसवां भाग प्रमाण हो है।

बहुरि निषधका बाण छह लाख तीस हजारका उगणीसवां भाग प्रमाण हो है। वेदीकै अर हरिवर्ष वा निषधकी बीचि इतनां अतराल है। बहुरि यहां चक्षु स्पर्शाध्वान क्षेत्र कहनां। तहां अभ्यंतर वीथी अर हरि क्षेत्र वा निषध पर्वतके बीचि जो धनुषाकार क्षेत्र तहां वीथी की परिधि सो तो धनुष है। बहुरि वीथी अर हरि क्षेत्र वा निषधका पूर्वपश्चिमकी तरफ लंबाईका प्रमाण सो जीवा है। तहां पूर्वै जो हरिवर्ष वा निषध पर्वतका बाणका प्रमाण कह्या तामैं जंबूद्वीपसंबंधी चार क्षेत्र एकसौ असी योजन ताकौं उगणीसका भागहार करि समच्छेद किएं चौतीससै वीसका उगणीसवां भाग भया। सो इतनां घटाएं चक्षु स्पर्शाध्वान क्षेत्र ल्यावनैं विषैं तीन लाख छह हजार पांचसै अस्सीका उगणीसवां

भाग प्रमाण निषधका बाण हो है $\frac{३०६५८०}{१९}$ $\frac{६२६५८०}{१९}$ अब इन-का वृत्तविष्कंभ जो ऐमा क्षेत्र गोल होइ तब चौडाईका प्रमाण सो कहिए है--

तहां जबू द्वीपका वृत्तविष्कंभ एक लाख योजन तामें द्वीपसंबंधी चार क्षेत्र एकसो असी ताकौं दोऊ पार्श्वनिका ग्रहण अर्थि दूणाकरि ३६० यटाएं अभ्यंतर वीथीका सूचि व्यास निन्याणवै हजार छसै चालीस योजन हो है ९९६४० । याकों समच्छेद करनेके अर्थि उगणीसका भाग दीए अठारह लाख तेरणवै हजार एकसौ साठीका उगणीसवां भाग होइ.

बहुरि इहां प्रथम हरिक्षेत्रविषें कहिए है ।

" इसुहीण विक्खंभ चउगुणिदिसुणा हेदु हु जीव कदी । बाण कदि छह गुणिदे तत्थ जुदे धणु कदी होदि ॥ १ ॥ ऐसा करण सूत्र आगैं कहेंगे ताकरि बाणका प्रमाण $\frac{३०६४८०}{१०}$ कों विष्कंभका प्रमाण $\frac{१८९३१६०}{०४}$ में घटाइए १५८३५८० बहुरि बाणका जो प्रमण $\frac{३०६४८०}{१९}$ ताकौं चौगुणां किएं १२२६३२० जो प्रमाण होइ तीह करि गुणिए-$\frac{१९४५६५४७८५६००}{३६१}$ तब जीवाकी कृति होइ ।

याका वर्गमूल किएं जीवाका प्रमाण हो बहुरि बाण हो जु प्रमाण ३०६५८० ताका वर्ग करिऐ ९३९९१२०९६०९६४०० बहुरि याकौं छह गुणां करिए ५६३ $\frac{९४७७७८४००}{३६१}$ बहुरि याकौं जीवाकी कृति

कही तिसविषैं जोडिए $\frac{२५०९६०२५६४००}{३६१}$ ऐसैं किएं धनुषकी कृति होई, याका वर्गमूल ग्रहण किएं $\frac{१५८१४१७२}{१}$ अपना भागहार-का भाग दिएं तियासी हजार तीनसै सतहत्तरि योजन अर नव उगणीसवां भाग प्रमाण हरि क्षेत्रका चाप हो है $\frac{८३३७७९}{१९}$ । बहुरि निषधपर्वतका कहिए है । " इसुहीणं विक्खंभं० " इत्यादि सूत्रकरि निषधका बाणकौं $\frac{६२६५८०}{१९}$ पूर्वोक्त वृत्तविष्कंभ $\frac{१८९३१६०}{१९}$ मैंस्यौं घटा-इये अवशेष रहैं $\frac{१२६६५८०}{१९}$ ताकौं चौगुणां बाणका प्रमाण $\frac{२५०६३२०}{१९}$ करि गुणिए $\frac{३१७४४५४७८५६००}{३६१}$ तब निष-धका जीवाकी कृति होहै । याका वर्गमूल प्रमाण निषधकी जीवा है ।

बहुरि निषधका बाणकी जो कृति $\frac{३९२६०२४९६४००}{३६१}$ ताकौं छह गुणां कहिए $\frac{२३५५६१४९७८४००}{३६१}$ याकौं जीवाकी कृति जो कही तिस विषैं जोडिए $\frac{५५३०६९७६४०००}{३६१}$ तब धनुःकृति होइ । याका वर्गमूल ग्रहण करि $\frac{२३५१६१०}{१९}$ अपनां भाग-

हारका भाग दिएं एक लाख तेईस हजार सातसै अडसठि योजन अर अठारह उगणीसवां भाग प्रमाण $१२३७६८\frac{१८}{१९}$ निषध कुलाचलका चाप हो है इस चापका अयोध्याके पासि अर्धपणां है तातैं इस चापकौं आधा किया। बहुरि अयोध्यातैं चक्षुःस्पर्शाध्वान प्रमाणक्षेत्रपरैं सूर्यदीसै ताकौं तिस आधा प्रमाणमैंस्यौं घटाएं अवशेष जो रह्या तितनैं निषधचापविषैं उत्तर तटतैं उरैं आइ सूर्य भरत क्षेत्र विषैं उदय हो है ऐसा भावार्थ जानना ॥ ३९२ ॥

ऐसेंल्याए जु हरि क्षेत्र निषध पर्वतके चाप तिनका कहा करनां सो कहै हैं—

> हरिगिरिधणुसेसद्धं पासभुजो सत्तसगतितेसीदी ॥
> हरिवस्से णिमहधणू अडछस्सगतीसबारं च ॥ ३९३ ॥
> हरिगिरिधनुः शेषार्धं पार्श्वभुजः सप्तसप्तत्रिःयशीतिः ॥
> हरिवर्षे निषधधनुः अष्टषट्सप्तत्रिंशद् द्वादश च ॥ ३९३ ॥

अर्थः—निषधपर्वतका चापविषैं हरिक्षेत्रका चाप घटाई ताका आधा करिए इतना निषध पर्वतकी पार्श्व भुजा है। दक्षिण तटतैं उत्तर तटपर्यंत चापका जो प्रमाण ताका नाम इहां पार्श्व भुजा जाननां। तहां निषध पर्वतका धनुः $१२३७६८\frac{१८}{१९}$ विषैं हरिक्षेत्रका धनुः $८३३७७\frac{९}{१९}$ घटाइए तब अव शेष चालीस हजार तीनसै इक्याणवै योजन अर नव उगणीसवां भाग प्रमाण होइ $४०३९१\frac{९}{१९}$ याका आधा करना तहां योजन प्रमाणमैंस्यौं एक घटाइ आधा करिए तब बीस हजार एक सौ पिच्याणवै योजन होइ। बहुरि जो एक घटाया था

ताका आधा $\frac{१}{२}$ अर नव उगणीसवां भागका आधा $\frac{९}{१९।२}$ इनकौं सम-च्छेद करि जोडै २८ दोयका अपवर्तन किएं चौदह उगणीसवां भाग भए। सो याकौं किछू घाटि एक योजन मानि जोडैं किछू घाटि वीस हजार एकसौ छिनवै योजन प्रमाण निषध पर्वतकी पार्श्व भुजा हो है। सो इहां पार्श्वभुजाविषैं उत्तर तटतैं चौदह हजार छसै इकईस योजन उरैं यावत् सूर्य है तावत भरतक्षेत्रवालै वासीनीकौं दीसै पीछै न दीसैं तातैं पार्श्व भुजाविषैं इतनां घटाइ अब शेष किछू घाटि पचावनसै पिचहत्तरि योजन दक्षिण तटतैं निषधकै उपरि चाप विषैं परैं जाइ सूर्य अस्त होहै ऐसा भावार्थ जांननां

अब हरिक्षेके निषध पर्वतके धनुषके सिद्ध भए अंक कहे हैं। तहां सातसात तीन तियासी इन अंकनके क्रमकरि ८३३७७ तियासी हजार तीनसै सतहत्तरि योजन तौ हरि वर्षका धनु: है। बहुरि आठ छह सैंतीस बारा इन इन अंकनिके क्रमकरि १२३७६८ एक लाख तेईस हजार सातसै अडसठि योजनका निषधका धनुष है ॥ ३९३ ॥

आगैं कहे जु दोऊनिके धनुषका प्रमाण तहां अब शेष अधिकका प्रमाण वा वार्श्वभुजाके अंक तिनकौं कहे हैं—

माहवचंदुद्धरिया णवयकला ण य पदप्पमाणगुणा ॥
पासभुजो चोद्दसकदि वीससहस्सं च देसूणा ॥ ३९४ ॥
माधवचंद्रोद्धृता नवककला नयपदप्रमाणगुणाः ॥
पार्श्वभुजः चतुर्दशकृतिः विंशसहस्रं च देशोनानि ॥३९४॥

अर्थ—इहां पदार्थ नामकी संज्ञाकरि अंक कहे हैं सो माधवचंद्र कहिए उगणीस जातैं माधव जो नारायण सो नव है। अदृश्यमान चंद्र एक है। इन दोऊ अंकनिकरि उगणीस भए तिनकरि उद्धृत नवकला॥

भावार्थ—एक योजनकौं उगणीसका भाग दीजिए। तहां नवभाग प्रमाण तौ हरि क्षेत्रका चापका प्रमाण पूर्वे कह्या तामैं अवशेष अधिक जाननां।

बहुरि इहां नयस्थान कहिए नय नव हैं तातैं नवकी जायगा नव ताकौं प्रमाण कहिए प्रमाणका भेद दोय हैं सो दोयकरि गुणिए तब एक योजनका उगणीस भागविषै अठारह भाग प्रमाण होइ। सो इतना निषध पर्वतका चापका प्रमाण पूर्वे योजनरूप कह्या तामैं इतनां अवशेष अधिक जाननां। बहुरि निषध पर्वतकी पार्श्वभुजा चौदहकी कृती एकसौ छिनवै तिहकरि अधिक बीस हजार योजन २०१९६ प्रमाण है॥३९४॥

आगे अयनविषै विभागकौं न करि सामान्यपनैं चार क्षेत्र विषैं उदय प्रमाणका प्रतिपादनके अर्थि यहु सूत्र कहै हैं—

दिणगदिमाणं उदयो ते णिसहे णीलगे य तेसट्ठी॥
हरिरम्मगेसु दो दो सूरे णवदससयं लवणे॥ ३९५॥
दिनगतिमानं उदयः ते निषधे नीलके च त्रिषष्ठिः॥
हरिरम्यकयोः द्वौ द्वौ सूर्ये नवदशशतं लवणे॥ ३९५॥

अर्थ—एक दिन विषै चार क्षेत्रका व्यास विषैं सूर्यका गमनका पमाण एक सौ सत्तरिका इकसठिवां भाग प्रमाण कह्या था सो इतना दिन गति क्षेत्रविषैं जो एक उदय होइ तौ चारक्षेत्रका पांचसै दशयोजनविषैं केते उदय होइ। ऐसें किएं लब्ध प्रमाण एकसै तियासी उदय आए।

बहुरि पर्यंत विषैं चारक्षेत्रविषैं अवशेष सूर्य बिंब करि रोक्याहुवा आठतालीस इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र तिहविषैं एक उदय है ऐसैं मिलि एकसौ चौरासी उदय है। जातें एक एक वीथी प्रति एक एक उदय संभवै है। तहां निषध नीलविषैं प्रत्येक तरेसठि अर हरिरम्यक क्षेत्रविषैं दोय दोय अर लवण समुद्रविषै एकसौ उगणीस उदय हैं।

भावार्थ—समस्त चारक्षेत्रविषैं सूर्यका उदय एकसौ चौरासी होहै। तहां भरत अपेक्षा तरेसठि तौ निषधपर्वतविषैं होय हरिक्षेत्रविषैं एकसौ उगणीस लवण समुद्रविषैं उदय स्थान है। अभ्यंतर वीथीतैं लगाय तरेसठिवीं वीथी पर्यंतविषैं तिष्ठता सूर्यतौ निषध पर्वतकै ऊपरि उदय होहै। भरत क्षेत्रके वासीनिकरि देखिए हैं। बहुरि चौसठि पैंसठिवीं वीथी विषैं तिष्ठता सूर्य हरिक्षेत्र ऊपरि उदय होहै। बहुरि छयासठिवीतैं लगाय अंत पर्यंत वीथीविषैं तिष्ठता सूर्य लावण समुद्रकै ऊपरि उदय होहै। ऐसैंही ऐरावत अपेक्षा तरेसठि नील पर्वतविषैं होय रम्यक क्षेत्रविषैं एकसौ उगणीस लवण समुद्रविषै उदयस्थान जाननैं॥ ३९५॥

आगैं दक्षिणायविषैं चार क्षेत्रका द्वीप वेदिका समुद्रका विभागकरि उदय प्रमाणका प्ररूपणकै अर्थी त्रैराशिककी उत्पत्ति कहै हैं—

दीऊवहिचारखित्ते वेदीए दिणगदीहिदे उदया॥
दीवे चउ चंदस्स य लवणसमुद्दम्हि दस उदया॥ ३९६॥
द्वीपोदधिचारक्षेत्र वेद्यां दिनगतिहिते उदयाः॥
द्वीपे चतुः चंद्रस्य च लवणसमुद्रे दश उदयाः॥ ३९६॥

अर्थः—द्वीपसमुद्र संबंधी चार क्षेत्र अर वेदी इनकौं दिनगति प्रमाका भाग दिए उदयनिका प्रमाण होहै। भावार्थः—चार क्षेत्रका व्यासविषैं वीथीनिविषैं सूर्यका जहां जहां जितने उदय पाइये है सो कहिए हैं। तहां जंबू द्वीप संबधी चार क्षेत्र एकसौ योजनमैंस्यौं जंबूद्वीपकी वेदीका व्यास चार योजन है सो दूरि किएं द्वीप चारक्षेत्र एकसौ छिहत्तरि योजन है।

बहुरि च्यारि योजन वेदी ऊपरि चारक्षेत्र हैं। बहुरि तीनसैं तीस योजन अठतालीस इकसठिवां भाग प्रमाण लवण समुद्र ऊपरि चारक्षेत्र हैं इनकौं दिन गतिका प्रमाण एकसौ सतरिका एकसठिवां भाग प-

माण ताका भाग दिएं जितनां जितनां प्रमाण आवै तितनां उदय जाननें सो कहिए है। दिन गतिका प्रमाण एकसौ सत्तरिका इकसठिवां भाग $\frac{१७०}{६१}$ सो इतना क्षेत्रविषै एक उदय होय तौ वेदिका रहित द्वीप चार क्षेत्रविषैं केते उदय होहिं ऐसैं त्रैराशिक किएं तरेसठि उदय पाए। तिनविषैं अभ्यंतर वीथीका उदय पूर्वला उत्तरायणविषैं गिनिए हैं तातैं बासठि उदय भए अर अवशेष छवीस एकसौ सत्तरिवां भाग प्रमाण उदयके अंग रहे। इहां द्वीप संबंधी अंतका सूर्य सूर्यविषैं अंतरालपर्यंत आए।

बहुरि अव शेष छवीस एकसौ सतरिवां भाग उदय अंश रहे थे तिनका योजन अंशरूप क्षेत्र करिये हैं। एक उदयका एकसौ सत्तरि योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र होइ तौ छवीस एकसौ सत्तरिवां भाग प्रमाण उदय अंशनिका केता क्षेत्र होइ। ऐसैं त्रैराशिककरि फल राशिकौं गुणें छवीस योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र भया। ए द्वीप संबधी योजन अंश अगले बिंबकरि रोक्या हुआ क्षेत्रविषैं देना।

बहुरि एकसौ सत्तरिका इकसठिवां भागविषैं एक उदय होय तौ च्यारि योजन प्रमाण वेदिका क्षेत्रविषैं केता उदय होइ ऐसैं त्रैराशिक करि भागहारका भागहार इकसठिकरि च्यारिकौं गुणें दोयसैं चवालीस भए। इनकौं एकसौ सत्तरि भागहारका भाग दिएं एक उदय पाया अवशेष चहौत्तरिका एकसौ सत्तरिवां भाग प्रमाण उदय अंश रहे। इनकौं पूर्वोक्त न्यायकरि क्षेत्ररूप किए चहौत्तरि योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र भया इसविषै बाईस योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र अहि पूर्वोक्त द्वीपका अंत अवशेष क्षेत्र छव्वीस योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण तिहविखैं मिलाएं। अठतालीस योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण सूर्यबिंबकरि रोक्या हुवा क्षेत्र संपूर्ण होहै।

ऐसैं अभ्यंतर वीथी स्थिति सूर्य बिंबतैं चौसठि वीथी स्थित सूर्यबिंबका व्यास छव्वीस इकसठिवां भाग तौ द्वीप चार क्षेत्रके अर बाईस इकसठिवां भाग वेदिका चार क्षेत्रको मिलिकरि सिद्ध होहै। इहां चौसठिवीं वीथी द्वीप अर वेदिकाकी संधिविषैं है ऐसा तात्पर्य जाननां। ताके आगैं दोय योजनका अंतराल हैं, ताके आगैं सूर्यकरि सेव्या हुवा अठतालीस इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र है। तातैं परैं बावन योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र रह्या सो आगिला दोय योजनका अंतरालविषैं देनां।

ऐसैं द्वीप वेदिका संधिविषैं प्राप्त जो सूर्य बिंबका व्यास ताकौं प्राप्त भया बाईस योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र तिहिस्यौं लगाइ वेदीकाका च्यारि योजन प्रमाण क्षेत्र समाप्त भया बहुरि लवण समुद्र-विषैं एक सौ सत्तरिका इकसठिवां भागविषैं एक उदय होइ तौ बिंब रहित समुद्र चार क्षेत्र तीनसै योजन तिहविषै केते उदय होई ऐसैं त्रैराशिककरि पाए उदय एकसौ अठारह। बहुरि अवशेष उदय अंश सत्तरि एकसौ सत्तरिवां भाग प्रमाण इनका पूर्वोक्त प्रकार क्षेत्र किए सत्तरि योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र भया। इनिकौं वेदीका संबंधी अंतरालविषैं प्राप्त बावन योजनका इकसठिवां भाग मिलाएं भागहार इकसठिका भाग दिएं दोय योजन प्रमाण अंतराल संपूर्ण हो है।

बहुरि यातैं परैं रविबिंब सहित अंतर प्रमाणरूप दिनगति शलाका अंतका अंतराल पर्यंत एक सौ अठारह हैं ते सुगम है। तहां उदय भी एकसौ अठारह है। तातैं परैं बाह्य वीथीविषैं तिष्ठता सूर्य बिंबका व्यासविषैं एक उदय है। ऐसैं सर्वमिलि लवण समुद्रविषैं एकसौ उगणीस उदय है। ऐसैं दाक्षायण विषैं एकसौ तियासी उदय जाननें। इहां ऐसा भावार्थ जाननां—वीथी विषैं तिष्ठता हुआ सूर्यका बिंब प्रमाण जो क्षेत्र ताका नाम प्रभ्रपथव्यास है सो अठतालीस योजनका

इकसठिवां भाग प्रमाण है। अर वीथी वीथनिकै वीचि जितनां चार क्षेत्र विषैं अंतराल ताका नाम अंतर है सो दोय योजन प्रमाण है। तहां एकसौ छिहत्तरि योजन प्रमाण द्वीप संबंधी चार क्षेत्र विषैं प्रथम अभ्यंतर पथव्यास है ताकै आगैं प्रथम अंतराल है। ताकै आगैं दूसरा पथव्यास है। ताकै आगैं दूसरा अंतराल है।

ऐसेंही क्रमतें अंतविषैं तेरसठिवां पथव्यास अर ताके आगैं तेरसठिवां अंतराल हो है। अर ताकै आगैं छव्वीस योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र अवशेष रह्या। बहुरि च्यारि योजन प्रमाण वेदिका संबंधी चार क्षेत्र है तामैं बाईस योजन इक-सठिवां भाग काढि तिस द्वीप संबंधी अवशेष क्षेत्रविषैं जोडैं चौसठिवां पथव्यास हो है। चौसठिवीं वीथी द्वीप अर वेदिकाकी संधिविषैं है। बहुरि तिस पथव्यासकै आगै चौसठिवां अंतराल है ताके आगैं बावन योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्रवेदिका चार क्षेत्रविषैं अवशेष रह्या बहुरि पथव्यास रहित समुद्र चार क्षेत्र तीनसै तीस योजन प्रमाण है। तामैं सत्तरि योजनका इकसठिवां भाग काढि वेदिका अवशेष क्षेत्र विषै जोडैं पैंसठिवां अंतराल हो है। ताकैं आगैं पथव्यास है ताके आगैं अंतर है।

ऐसैं ही क्रमतैं अंतविषैं एकसौ तियासीवां अंतराल हो है। बहुरि ताके आगैं पथव्यास प्रमाण अवशेष समुद्र चार क्षेत्रविषैं एकसौ चौरासीवां पथव्यास है। बहुरि इहां जहां पथ व्यास है तहां वीथी जाननी। एक एक वीथीविषै प्राप्त होइ सूर्यका दृष्टिविषैं आवनां ताका नाम उदय जाननां। ऐसें एकसौ चौरासी वीथीनिविषैं एकसौ चौरासी उदय भए। तहां उत्तरायणमैंस्यौं आवता आवता सूर्य अभ्यंतर वीथीविषैं आवै सो वह उत्तरायणविषैं गिनि गिनि लिया अर लगता ही दूसरी-बार तहां उदय होइ नाहीं तातैं दक्षिणायनविषैं नाहीं गिना ऐसैं करि एकसौ तियासी उदय जाननें।

आगै उत्तरायणविषैं कहैं हैं:—

लवण समुद्रविषैं रवि बिंबसहित चार क्षेत्र तीनसै तीस योजन अर अडतालीस इकसठिवां भाग प्रमाण है ताका समच्छेद करि जोडे वीस हजार एक सौ अठहत्तरिका इकसठिवां भाग प्रमाण होइ २०१७८ बहुरि एक सौ सत्तरिका इकसठिवां भाग क्षेत्रकी एक दिन-
६१
गति शलाका होई तौ वीस हजार एकसौ अठहत्तरिका इकसठिवां भाग-की केती होइ ऐसैं त्रैराशिक किएं एक सौ अठारह दिनगति शलाका होइ। अर एकसौ सत्तरिवां भाग अवशेष रहैं इहां एक घाटि दिन-गति शलाका प्रमाण उदय एक सौ सतरह है। काहेतै ? जातैं बाह्य पथ संबंधी उदय दक्षिणायन संबंधी है सो इहां न गिन्यां।

बहुरि अवशेष एकसौ अठारहका एकसौ सत्तरिवां भाग प्रमाण उदय अशनिका पूर्वोक्त प्रकार क्षेत्र किएं एक सौ अठारह योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र अवशेष रह्या, तिस विर्षो अठतालीस योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण तौ आगिला पथन्यासविषैं देना, तहां पथन्यासविषैं एक उदय है। अर पूर्वैं एकसौ सतरह उदय मिलि उत्तरायणविषैं समस्त उदय लवणसमुद्रविषै एक सौ अठारह हो है।

बहुरि अवशेष सत्तरि योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्रलवण समुद्रविषैं रह्या सो अगिला अंतविषैं देनां ऐसैं समुद्र चार क्षेत्र समाप्त भया। बहुरि ब्यारि योजन प्रमाण वेदिका क्षेत्रविषै पूर्वोक्त प्रकार त्रैरा-शिककरि त्यांय एक उदय हो है। और अवशेष बहौत्तरि योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र रहै है। तिहविषैं बावन योजनका इकस-ठिवां भाग प्रमाण क्षेत्रकौं समुद्रका अवशेष क्षेत्रविषैं मिलाएं दोय योजन प्रमाण अंतर संपूर्ण हो है। इस अंतरतैं आगैं एक दिनगति

विषैं एक उदय होइ आगें अवशेष बाईस योजनका इकसठिवां भाग रह्या सो अगिला पथव्यास विषैं दैनां ।

ऐसैं च्यारि योजन प्रमाण वेदिका क्षेत्रभी समाप्त भया आगैं वेदिका रहित द्वीप चार क्षेत्र एक सौ छिहंत्तर योजन प्रमाण तामैं अभ्यंतर पथव्यास अठतालीसका इकसठिवां भाग प्रमाण समछेद करि घटाएं दश हजार छसै अठ्यासीका इकसठिवां भाग प्रमाण होइ $\frac{१०६८८}{६१}$ बहुरि एक सौ सत्तरिका इकसठिवां भाग क्षेत्रकी एक दिनगति शलाका होइ तौ दश हजार छसै अठ्यासीका इकसठिवां भागकी केती दिनगति शलाका होइ ऐसैं त्रैराशिक किए बासठि दिनगति शलाका पावै सो इतनाही उदय जाननां ।

अब अवशेष एकसौ अठतालीसका एकसौ सत्तरिवां भाग प्रमाण उदय अंश रहैं । इनका पूर्वोक्त प्रकार क्षेत्र किए एकसौ अठतालीस योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण होइ तीहविषैं छवीस योजनका इक-सठिवां भाग मात्र क्षेत्र तौ वेदिका अर द्वीपकी संधिविषैं पथव्यास है तहां दैनां तब सा पथव्यास संपूर्ण होइ अवशेष एकसौ बाईसका इकसठिवां भागहार करि भाजिए तब दोय योजन पाए सो संधि पथव्यासकै आगै अंतरालविषैं देना । बहुरि तातैं परैं बासठि दिनगति शलाका हैं तहां तितनें ही उदय है ।

आगैं अभ्यंतर पथव्यासविषैं एक एक उदय है ऐसैं वेदिका रहित द्वीप चार क्षेत्रविषैं संधि उदयसहित चौसठि उदय हो है । ऐसैं मिलिकरि उत्तरायणविषैं सूर्यकै एकसौ तियासी उदय जाननें । इहां ऐसा भावार्थ जाननां । अंतरका वा पथव्यासका स्वरूप प्रमाण पूर्वै कह्या था तहां लवण समुद्रका चार क्षेत्रविषैं प्रथम पथव्यास है । आगैं अंतराल है ताकै आगैं अंतराल है ताकै आगैं पथव्यास है । ऐसैं ही क्रमतैं एकसौ

अठारहवां अंतरालकै आगैं एकसौ उगणीसवां पथव्यास है अवशेष सत्तरि योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र रहै है। बहुरि वेदिकाका चार क्षेत्रविषैं बावन योजनका इकसठिवां भाग ग्रहि तामैं मिलाएं समुद्र वेदिकाकी संधिविषैं एकसौ उगणीसवां अंतराल हो है, ताके आगैं एकसौ वीसवां पथव्यास है।

आगैं एकसौ बीसवां अंतराल है ताकै आगैं बाईस योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र अवशेष रहै हैं। बहुरि द्वीपचार क्षेत्रविषैं छव्बीस योजनका इकसठिवां भाग ग्रहि तामैं मिलाएं एकसौ इकईसवां पथव्यास होहै। ताकै आगैं एकसौ इकइसवां अंतर है ऐसैं क्रमतैं अंतविषैं एकसौ तियासीवां अंतरके आगैं एकसौ चौरासीवां पथव्यास है तहां एकसौ चौरासी पथव्यास प्रमाण उदयनिविषैं बाह्य वीथीका उदय पूर्वदक्षिणायणविषैं गिनिए हैं। अर लगता तहां उदय न होहै तातैं समुद्रका आदि उदय घटाए उत्तरायणविषैं सूर्यके उदय एकसौ तियासी ऐसैं जाननें।

उदयादिकका स्वरूप पूर्वोक्त कह्या ही था। बहुरि चंद्रमाका भी अयन भेद किए विना द्वीपचार क्षेत्र १८० विषै पांच उदय अर समुद्र चार क्षेत्र ३३० $\frac{४८}{६१}$ विषैं दश उदय हैं मिलिकरि पंद्रह उदय होहैं। आगैं दक्षिणायणविषैं कहै हैं। अथवा " रापिंडहीणे " इत्यादि पूर्वोक्त सूत्रकरि चंद्रमाका दिनगति क्षेत्र पंद्रह हजार पांचसै इकावन योजनका च्यारिसैं सत्ताईसवां भाग प्रमाण है सो इतना $\frac{१५५१}{४२७}$ क्षेत्रविषैं जो एक उदय होय तौ एक सौ अस्सी योजन प्रमाण द्वीप चार क्षेत्रविषैं कितने उदय होंहि ऐसैं त्रैराशिक किएं चारि उदय पाए।

बहुरि अवशेष चौदह हजार छस्सै छप्पनका पंद्रह हजार पांचसै इकावनवां भाग प्रमाण उदय अंश रहै। बहुरि एक उदयका पंद्रह हजार पांचसै इकावनका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण क्षेत्र होइ चौदह हजार छसै छप्पनका पंद्रह हजार पांचसै इकावनवां भाग प्रमाण उदय अंशनिका केता क्षेत्र होइ ऐसें त्रैराशिक करि तिर्यच फलराशिके भाज्य करि इच्छा राशिके भागका अपवर्तन किएं चौदह हजार छसै छप्पन योजनका च्यारिसैं सत्ताइसवां भाग प्रमाण क्षेत्र अवशेष रह्या।

बहुरि चंद्रमाका पथव्यासका प्रमाण छप्पन योजनका इकसठिवां भाग ताका सात करि समच्छेद किए तीनसै बाणवै योजनका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण भया सो इतनां तिस अवशेष क्षेत्रविषैं ग्रहि अगिला पथव्यासविषैं देनां। तहां उदय एक, ऐसै जबूद्वीपविषैं पांचसै उदय हैं तिनविषैं अभ्यंतर पथका उदय उत्तरायण संबंधी है तातैं ताका न ग्रहण करनेंतें द्वीपविषैं च्यारि उदय हैं। द्वीप चार क्षेत्रविषैं अवशेष चौदह हजार दोयसै चौसठिका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण क्षेत्र रह्या। सो यहु भागहारका भाग दिएं तेतीस योजन अर एकसौ तहे-त्तरिका च्यारिसै सत्ताईसवां भागप्रमाण क्षेत्र है। सो याकौं आगले अंत-तरालविषैं देनां।

आगैं समुद्रविषैं चार क्षेत्र तीनसै तीस योजन अर अडतालीसका इकसठिवां भाग प्रमाण है। ताका समच्छेदकरि मिलाएं वीस हजार एकसौ अठहत्तरिका इकसठिवां भाग प्रमाण भया। सो पंद्रह हजार पांचसै इकावन योजनका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण क्षेत्रविषैं एक उदय होइ तौ वीस हजार एकसौ अठहत्तरिका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र-विषैं किंतने उदय होहिं।

ऐसैं त्रैराशिक किएं इकसठिकरि अपवर्तनकरि सातकरि गुणें लब्धराशि एक लाख इकतालीस हजार दोयसै छियालीसका पंद्रह हजार

पांचसै इकावनवां भाग प्रमाण आया सो भागहारका भाग दिए नव उदय पाए अर अव शेष बारहसैं सत्यासीका पंद्रह हजार पांचसै इकावनवां भाग प्रमाण उदय अंश रहै इनका पूर्वोक्तप्रकार क्षेत्रकिएं बारहसैं सित्यासी योजनका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण क्षेत्र अवशेष रह्या।

यामैं सो चंद्रबिंबका प्रमाण छप्पन योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण ताकौं सातकरि समच्छेद किए तीनसै बाणवैका च्यारिसैं सत्ताइसवां भाग प्रमाण ग्रहि करि बाह्य पथविषैं देना। तहां एक उदय ऐसैं लवण समुद्रविषैं दश उदय हैं। बहुरि अवशेष आठसै विच्याणवै योजनका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण क्षेत्र रह्या सो अपनां भागहारका भाग दिएं दोय योजन अर इकतालीसका च्यारिसै सत्ताइसवां भाग प्रमाण क्षेत्र भया सो याकौं द्वीपविषै अवशेष तेतीस योजन अर एकसौ तहेत्तरिका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण क्षेत्रविषैं जोडै पैंतीस योजन अर दोयसै चौदहका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण पांचवां अंतराल संपूर्ण हो है। ऐसैं चंद्रमाका दक्षिणायनविषै द्वीप समुद्रका मिलि चौदह उदय हो है।

इहां ऐसा भावार्थ जाननां—चंद्रमाका चार क्षेत्रविषैं पंद्रह वीथी है तिनविषैं चंद्रमाका दृष्टिविषै आवना सोई उदय है। तहां वीथीनि. विषैं जहां चंद्रबिंब छप्पन योजनका इकसठिवां भाग प्रमाण क्षेत्र रोकै ताका नाम पथव्यास है। बहुरि वीथीनिकै वीचि वीचि पैंतीस योजन अर दोयसै चौदहका च्यारिसै सत्ताईसवां भागप्रमाण जो अंतराल ताका नाम अंतर है। दोऊनिकौं मिलाएं पंद्रह हजार पांचसै इकावनका च्यारिसै सत्ताइसवां भाग प्रमाण दिनगति क्षेत्र होहै। तहां द्वीप संबंधी एकसौ असी योजन प्रमाण चार क्षेत्रप्रविषैं प्रथम अभ्यंतर वीथी है तहां पथव्यास प्रमाण क्षेत्र है। ताकै आगैं प्रथम अंतर है ताकै आगैं दूसरा पथव्यास है। ऐसैं क्रमतैं चौथा अंतरकै आगैं पांचवां पथव्यास है ताकै आगैं

द्वीप चार क्षेत्रविषैं तेतीस योजन अर एकसौ तहेत्तरिका च्यारिसै सत्ता-ईसवां भाग प्रमाण क्षेत्र अवशेष रहे हैं ।

बहुरि लवण समुद्रका चार क्षेत्र तीनसै तीस योजन अर अठतालीसका इकसठिवां भाग प्रमाण तिहविषैं दोय योजन अर दोयसै चौदहका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण क्षेत्र द्वीप अवशेष क्षेत्रविषै जोडै । द्वीप अर समुद्रकी संधिविषैं पांचवां अंतराल होहै । ताकै आगै छठा पथव्यास है । ताके आगें छठा अंतराल है । ऐसे क्रमतैं अंतविषैं चौदहवां अंतरालके आगै पंद्रहवां बाह्य पथव्यास है । इन पंद्रह पथव्यासनिविषै जे पंद्रह उदय तिनविषै द्वीपचार क्षेत्रविषैं पहला अभ्यंतर वीथीका उदय उत्तरायण संबंधी है । तातै चद्रमाके दक्षिणायनविषैं ऐसैं चौदह उदय जाननें ।

आगैं उत्तरायणविषैं ऐसैं कहै हैं । समुद्रका चार क्षेत्र तीनसैतीस योजन अर अठतालीसका इकसठिवां भाग प्रमाण है । तहां पूर्वोक्त प्रकारकरि स्याएं नव उदय आए । अर अवशेष उदय असं बारहसै सित्यासीका पंद्रह हजार पांचसै इकावनवां भागप्रमाण रहे इनका पूर्वोक्त प्रकार क्षेत्र किए बारहसै सित्यासी योजनका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण हो है । बहुरि यामें चन्द्रबिंबका प्रमाण छप्पन योजनका इकसठिवां भाग मात्र ताका सातकरि समछेदकिएं तीनसैं बाणवैका च्यारिसै सत्ताबीसवां भागप्रमाण हीकौ ग्रहिकरि बाह्य पथतैं लगाय नवमां अंतरालकै आगैं जो पथव्यास तामैं देना वा तहां एक उदय ऐसे समुद्रविषैं दस उदय भए इनविषैं बाह्य पथका उदय दक्षिणायन संबंधी है । तातैं ताका ग्रहण न करना ऐसे नव उदय रहे, बहुरि समुद्र चार क्षेत्रविषैं अवशेष दोय योजन अर इकतालीसका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण क्षेत्र रह्या सो दशवां अंतरालविषै देना । ऐसे किएं समुद्रका चार क्षेत्र समाप्त भया ।

आगें द्वीप चार क्षेत्रविषें पूर्वोक्तपनका पंद्रह हजार पांचसै इकावनवां भाग प्रमाण उदय अंश रहे इनका पूर्वोक्त प्रकार क्षेत्र किएं चौदह हजार छसै छप्पनका च्यारिसै सत्ताईस योजनका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण होइ याने पचीस योजन अर एक सौ तहेत्तरिका च्यारिसै सत्ताईसवां भागका समच्छेद किए चौदह हजार दोयसै चौसठिका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग होइ सो म्रहिकरि दशवां अंतरालविषें देना ऐसें पैंतीसै योजन अर दोयसै चौदहका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण दशवां अंतराल संपूर्ण हो है।

बहुरि अवशेष तीनसै बाणवै योजनका च्यारिसै सत्ताईसवां भाग प्रमाण रह्या। ताकौं सातकरि अपवर्तन किए छप्पनका इकसठिवां भाग प्रमाण होई सो यहु अभ्यंतर पथव्यासविषें देना। इसविषें चंद्रमाका उत्तरायणविषें पांच उदय हैं। इहां ऐसा भावार्थ जाननां—चंद्रमाका पथव्यास अंतरादिकका स्वरूप प्रमाण तौ पूर्वोक्त जाननां। तहां लवण समुद्रका अर क्षेत्रविषें प्रथम बाह्य पथव्यास हैं। ताकै अभ्यंतरवर्ती आगै आगै प्रथम अंतर है। ताकै आगें द्वितीय पथव्यास है ताकै आगें द्वितीय अंतर है। ऐसे क्रमतें नवमां अंतरकै आगें दशवां पथव्यास है। ताकै आगें दोय योजन अर इकतालीसका च्यारिसैं सत्ताईसवां भाग प्रमाण क्षेत्र अवशेष रह्या। बहुरि आगें द्वीप चार क्षेत्रविषै तेतीस योजन अर एकसो तहेत्तरिका च्यारिसै सत्ताइसवां भाग प्रमाण क्षेत्र ग्रहि अर समुद्रका अवशेष क्षेत्र ग्रहि दशवां अतरालकौं दिएं समुद्र अर द्वीपकी संधि विषैं दशवां अंतराल संपूर्ण हो है। ताकै आगै ग्यारहवां पथव्यास है ताकै आगें ग्यारहवां अंतराल है। ऐसें क्रमतैं अंतविषैं चौदहवां अंतकै आगें पंद्रहवां अभ्यंतर पथव्यास है।

ऐसैं इन पंद्रह पथव्यासनिविषैं पंद्रह उदय हैं। तिनिविषैं समुद्र सबंधी प्रथम व्यास विषैं जो उदय है सो दक्षिणायन संबंधी ही है।

जातैं आता दूसरीबार तहां उदय न हो है तातैं चंद्रमाका उत्तरायणविषैं नव समुद्रविषैं पांच द्वीपविषैं ऐसे चौदह उदय जानने बहुरि इहां सूर्य व चंद्रमाका उत्तरायणविषैं उदयका विभाग मूलसूत्र कर्तानैं कह्या। तथापि दक्षिणायनका उदयमार्गकरि टीकाकार विचार करि कह्या है ॥ ३०६ ॥

अब दक्षिण उत्तर ऊर्ध्व अध विषैं सूर्यके आतापका क्षेत्र विभाग कहै हैं—

मन्दरगिरिमज्झादो जावय लवणुवहि छट्ठभागो दु ॥
हेट्टा अट्ठरससया उवरि सयजोयणा ताओ ॥ ३९७ ॥
मंदरगिरिमध्यात् यावत् लवणोदधि षष्ठभागस्तु ॥
अधस्तना अष्टदशशतानि उपरि शतयोजनानि तापः ।३९७।

अर्थ—मेरुगिरिके मध्यतैं लगाय यावत् लवण समुद्रका छट्ठा भाग पर्यंत सूर्यका आताप फलै है। ताका उदाहरण अभ्यंतर वीथी विषैं तिष्ठता सूर्यकी अपेक्षा कहिए हैं। जंबू द्वीपका आधा क्षेत्र पचास हजार योजन तामैं द्वीप चार क्षेत्र एकसो अस्सी घटाएं गुणचास हजार आठसै वीस योजन प्रमाण तो मेरुगिरिके मध्यतैं लगाय अभ्यंतर वीथी पर्यंत उत्तर दिशाविषैं आताप फैलै है। बहुरि लवण समुद्रका व्यास दोय लाख योजन ताका छट्ठा भाग तेत्तीस हजार तीनसै तेतीस योजन अर एकका तीसरा भाग प्रमाण यामैं द्वीप चार क्षेत्र एक सौ अस्सी योजन मिलाएं तेतीस हजार पांचसै तेरह योजन अर एकका तीसरा भाग प्रमाण अभ्यंतर वीथीतैं लगाय लवण समुद्रका छट्ठा भाग पर्यंत दक्षिण दिशा विषैं आताप फैलै है। बहुरि ऐसैं ही अन्य वीथीनिविषैं भी जाननां। बहुरि सूर्य बिंबतैं नीचे अठारहसै योजन पर्यंत अध: दिशाविषैं आताप फैलै है।

भावार्थः—सूर्यबिंबतै नीचैं आठसै योजन तौ समभूमि है अर तातैं नीचैं हजार योजन पर्यंत चित्रापृथ्वी है तहां पर्यंत सूर्यका आताप फैलै है। बहुरि सूर्यबिंबतैं उपरि सौ योजन पर्यंत उर्ध्व दिशाविषैं आताप फैलै है। विशेषार्थः—सूर्यबिंबतै ऊपरि सौ १०० योजन पर्यंत ज्योतिर्लोक है तहां पर्यंत सूर्यका आताप फैलै है। ऐसे परिनिधिविषै तो आताप फैलनेका प्रमाण पूर्वैं कह्या था इहां दक्षिण उत्तर उर्ध्व अधः दिशाविषैं आताप फैलनेका प्रमाण कह्या ॥ ३९७ ॥

आगैं चंद्रमा सूर्य ग्रह इनकै नक्षत्रभुक्तिके प्रतिपादन करनैंकौं चाहता आचार्य सो प्रथम एक एक नक्षत्र संबंधी मर्यादारूप गगनखण्डनिकौं कहै हैं।—

अभिजिस्स गगणखण्डा छस्सयतीसं च अवरमज्झवरे ॥
छप्पण्णरसे छक्के इगिदुतिगुणपणयुतसहस्सा ॥ ३९८ ॥
अभिजितः गगनखण्डानि षट्शतत्रिंशत् च अवरमध्यवराणि ॥
षट् पंचदशे षट्के एक द्वित्रिगुणपंचयुतसहस्राणि ॥३९८॥

अर्थः—अभिजित नक्षत्रके गगनखंड छसै तीस हैं। बहुरि जघन्य मध्य उत्कृष्ट नक्षत्र क्रमतैं छह प्रमाणकौं धरैं तिनकै एक दोय तीन गुणां पांच संयुक्त एक हजार प्रमाण गगनखण्ड हैं।

भावार्थः—परिधिरूप जो गगन कहिए आकाश ताके एक लाख नव हजार आठसै खण्ड करिए तामें एक चंद्रमा सबंधी अभिजित नक्षत्रके छसै तीस गगनखण्ड है। छसै तीस खण्ड प्रमाण परिधिरूप आकाश क्षेत्रविषैं अभिजित नक्षत्रकी सीमा मर्यादा है। बहुरि ऐसैं ही छह जघन्य नक्षत्र तिन एक एकके एक हजार पांच गगनखण्ड है। बहुरि पंद्रह मध्य नक्षत्र तिन एक एकके दोय हजार दश गगनखण्ड हैं। बहुरि छह उत्कृष्ट नक्षत्र तिन एक एकके तीन हजार पंद्रह गगनखण्ड है। बहुरि छह उत्कृष्ट नक्षत्र तिन एक एकके तीन हजार पंद्रह

गगन खण्ड हैं। बहुरि इतनें इतनें ही दूसरा चंद्रमा संबंधी है। यहां नक्षत्रनिके जघन्य मध्य उत्कृष्टपना गगनखण्डनिका थोडा बहुत अति बहुतकी अपेक्षा कह्या है स्वरूपादिक अपेक्षा नाहीं कह्या है ॥३९८॥

आगैं तिन जघन्य मध्यम उत्कृष्ट नक्षत्रनिकौं दोय गाथानिकरि कहैं हैं—

सदभिस भरणी अद्दा सादी असिलेस्स जेट्ठ मवरवरा ॥
रोहिणि विसाह पुणव्वसु तिउत्तरा मज्झिमा सेसा ॥ ३९९ ॥
शतभिषा भरणी आर्द्रा स्वातिः आश्लेषा ज्येष्ठा अवराणि वराणि
रोहणी विशाखा पुनर्वसुः त्र्युत्तराः मध्यमा शेषाः ॥ ३९९ ॥

अर्थः—शतभिषक कहिये शतभिषा १, भरणी २, आर्द्रा ३, स्वाति ४, आश्लेषा ५, ज्येष्ठा ६, ए छह जघन्य नक्षत्र हैं। बहुरि रोहिणी १, विशाखा २, पुनर्वसु ३, उत्तरा कहिए उत्तरा फाल्गुनी ४ उत्तराषाढा ५, उत्तरा भाद्रपदा ६ ये छह उत्कृष्ट नक्षत्र हैं। बहुरि अवशेष नक्षत्र मध्यम है ॥ ३९९ ॥

ते अवशेष कौन सो कहे हैं।—

अस्सिणि कित्तिय मियसिर पुस्स महा हत्थ चित्त अणुहारा ॥
पुव्वतिय मूलसवणा सधणिट्ठा रेवदी य मज्झिमया ॥ ४०० ॥
अश्विनी कृत्तिका मृगशीर्षा पुष्यः मघा हस्तः चित्रा अनुराधा ॥
पूर्वत्रिका मूलं श्रवणे सधनिष्ठा रेवती च मध्यमाः ॥ ४०० ॥

अर्थः—अश्विनी १, कृत्तिका २, मृगशीर्षा ३, पुष्य ४, मघा ५, हस्त ६, चित्रा ७, अनुराधा ८, पूर्वत्रिका कहिए पूर्वा फाल्गुनी ९, पूर्वाषाढा १०, पूर्वाभद्रपदा ११, मूल १२, श्रवण १३, धनिष्ठा १४, रेवती १५ ए पंद्रह मध्यम नक्षत्र हैं ॥ ४०० ॥

आगे कहे जु ए गगनखण्ड तिनकौं इकट्ठेकरि चंद्रमा सूर्य नक्षत्र-निकी परिधिविषैं भ्रमण कालका प्रमाण कहैं हैं।—

दो चंद्राणं मिलिदे अट्ठसयं णवसहस्समिगिलक्खं॥
सगसगमुहुत्तगदि णभखण्डहिदे परिधिगमुहुत्ता॥ ४०१॥
द्वि चन्द्रयोः मिलिते अष्टशतं नवसहस्रं एकलक्षं॥
स्वक स्वक मुहूर्तगति नभःखण्डहिते परिधिमुहूर्ताः॥ ४०१॥

अर्थ.— दोय चंद्रमानिके मिलाए आठसै सहित नव हजार अधिक एक लाख गगनखण्ड हो हैं। कैसैं? जघन्य मध्य उत्कृष्ट नक्षत्रनिका गगनखण्ड क्रमतैं एक हजार पांच दो हजार दश तीन हजार पंद्रह इनकौं अपने नक्षत्र प्रमाण छह पंद्रह छहकरि गुणें जघन्य नक्षत्रनिके छह हजार तीस मध्य नक्षत्रनिके तीस हजार एकसौ पचास, उत्कृष्ट नक्षत्रनिके अठारह हजार निवैं गगनखण्ड होहैं। ए खण्ड अर छसै तीस अभिजितके खण्ड मिलाएं चौवन हजार नवसै भए।

बहुरि एक परिधिविषैं दोय चंद्रमा हैं। तातैं तिनकौं दूणांकरि मिलाइए तब एक लाख नव हजार आठसै गगनखण्ड परिधिविषैं हो हैं। बहुरि इन गगनखण्डनिकौं अपनां अपनां एक मुहूर्तविषैं गमनप्रमाण जे गगनखण्ड तिनका भाग दिएं परिधिविषैं भ्रमण कालका प्रमाण आवै है। कैसैं सो कहिए है—

चद्रमा सतरहसै अडसठि गगनखण्डनिविषैं एक मुहूर्तकरि गमन करै तौ एक लाख नव हजार आठसै गगनखण्डनिविषैं केते मुहूर्तनिकरि गमन करै ऐसैं त्रैराशिक किएं चंद्रमाका परिधिविषैं भ्रमण करनेंका काल बासठि मुहूर्त आएं, अर एकसौ चौरासीका सतरहसै अडसठिवां भागका आठ करि अपवर्तन किए तेइस मुहूर्तका दोयसै इकईसवां भाग आया। बहुरि याही प्रकार सूर्य अठारहसै तीस गगनखण्डविषैं एक

मुहूर्त करि गमन करै तौ एक लाख नव हजार आठसै गगनखण्डविषैं केते मुहूर्तनिकरि गमन करै ऐसैं त्रैराशिक किए सूर्यका परिधिविषैं भ्रमण करनेका काल साठि मुहूर्त आवै है ।

बहुरि नक्षत्र अठारहसै पैंतीस गगनखण्डनिविषैं एक मुहूर्तकरि गमन करै तौ एक लाख नव हजार आठसै गगनखण्डनिविषैं केते मुहूर्तनि-करि गमन करै ऐसैं त्रैराशिक किए नक्षत्रनिका परिधिविषैं भ्रमण करनेका काल गुणसठि तौ मुहूर्त आए अर अवशेष पंद्रहसैं पैंतीसका अठारहसैं पैंतीसवां भाग ताका पांचकरि अपवर्तन किए तीनसैं सात मुहूर्तनिका तीनसैं सतसठिवां भाग आया । या प्रकार एक बार संपूर्ण एक परिधि-विषैं भ्रमण करनेका काल प्रमाण कह्या ॥ ४०१ ॥

आगैं सो एक मुहूर्तकरि अपनां अपनां गगनखण्डनिविषैं गमन करनेका प्रमाण कह्या सो कहै हैं—

अट्ठट्ठी सत्तरसयमिंदू बावट्ठि पंचअहियकमं ॥
गच्छंति सूररिक्खा णभखण्डाणिगिमुहुत्तेण ॥ ४०२ ॥
अष्टषष्ठिः सप्तदशशतं इंदुः द्वाषष्ठिः पंचाधिकक्रमाणि ॥
गच्छन्ति सूर्यऋक्षाणि नभःखंडानि एकमुहूर्तेन ॥४०२॥

अर्थ:—अडसठि अधिक सतरहसै १७६८ गगनखण्डनिकौं चंद्रमा एक मुहूर्तकरि गमन करै है । बहुरि तिनतैं बासठि अधिक ताका अठारहसै तीस गगनखण्डनिकौं सूर्य अर इनतैं पांच अधिक ताका अठा-रहसै पैंतीस गगनखण्डनिकौं नक्षत्र एक मुहूर्तकरि गमन करैं हैं ।४०२।

आगैं चंद्रमादि तारापर्यंत ज्योतिषीनिकै गमन विशेषका स्वरूप कहै हैं—

चंदो मंदो गमणे सूरो सिग्घो तदो गहा तत्तो ॥
तत्तो रिक्खा सिग्घा सिग्घयरा तारया तत्तो ॥ ४०३ ॥
चंदो मंदो गमने सूरः शीघ्रः ततो ग्रहाः ततः ॥
ततः ऋक्षाणि शीघ्राणि शीघ्रतराः तारकाः ततः ॥४०३॥

अर्थ——सर्वतैं गमनविषैं चंद्रमा मंद है मंद गमन करै है । तातैं सूर्य शीघ्र गमन करै हैं । तातैं ग्रह शीघ्र गमन करै हैं, ग्रह तातैं नक्षत्र शीघ्र गमन करै हैं । तातैं अतिशीघ्र तारे गमन करै हैं । ४०३ ।

आगैं अब चंद्रमा सूर्यके नक्षत्र भुक्तिकों कहै हैं ।—

इंदुरवीदो रिक्खा सत्तट्ठी पंच गगणखण्डहिया ॥
अहियहिद रिक्खखण्डा रिक्खे इंदुरवि अत्थणमुहुत्ता ।४०४
इंदुरवितः ऋक्षाणि सप्तषष्ठिः पंच गगनखण्डाधिकानि ॥
अधिकहित ऋक्षखण्डानि ऋक्षे इंदुरविअस्तमनमुहूर्ताः ॥४०४

अर्थः—चंद्रमा सूर्यके गगनखण्डनितैं क्रमतै सडसठि अर पांच गगन खण्ड अधिक नक्षत्रनिकै एक मुहूर्तकरि गमन अपेक्षा गगनखण्ड है । सो इस अधिकका भाग अपनें अपनें नक्षत्र खण्डनिकौ दिएं नक्षत्र अर चंद्र वा सूर्यका आसन्न मुहूर्तनिका प्रमाण आवै है सो कहिये हैं ।—

एक ही बार चंद्रमा अर नक्षत्र साथि गमनका प्रारंभ किया तहां एक मुहूर्तविषैं चंद्रमा तौ सतरहसै अडसठि गगनखण्डनिप्रति गमन किया अर नक्षत्र अठारहसै पैंतीस गगन खण्डनि प्रति गमन किया । तहां चंद्रमा नक्षत्रतैं सतसठि गगनखण्ड पीछै रह्या । तहां अभिजित नक्षत्र अर चंद्रमा दोऊ साथि गमनका प्रारंभकरि एक मुहूर्तविषैं अभित-तैं चंद्रमा सदसठि गगनखण्ड पीछैं रह्या बहुरि दूसरा मुहूर्तविषैं और सतसठि गगनखण्ड पीछैं रह्या । ऐसैं पीछैं रहता रहता जितनें कालकरि छसै तीस अभिजितके सर्व खण्डनिको छोडि पीछैं रहै तितनां काल

अभिजित नक्षत्र अर चंद्रमाका आसन्न मुहूर्त कहिए । सो अडसठि अधिक खण्डनिके पीछैं छोडनेंमें एक एक मुहूर्त होइ तौ छसै तीस अभिजित खण्डनिके पीछैं छोडनेमें केते मुहूर्त होइ । ऐसैं त्रैराशिककरि अधिक प्रमाण सतसठिका भाग अपनें छसै तीस खण्डनिकौं दिए लब्ध-राशि नव मुहूर्त सत्ताईसका सतसठिवां भाग मात्र अभिजित अर चंद्रमा-का आसन्न मुहूर्तका प्रमाण आया ।

इतनैं काल चंद्रमा अभिजित संबंधी गगनखण्डनिके निकटवर्ती रहै है । तातैं आसन्न मुहूर्त कहिए । बहुरि इस आसन्न मुहूर्त काल ही विषैं नक्षत्रभुक्ति कहिए । यावत्काल चंद्रमा अभिजित संबंधी गगनखण्डनिके समीपवर्ती रहै तावत्काल चंद्रमाकै अभिजित नक्षत्रका भोगवनां कहिए । बहुरि इसही कालविषैं योग कहिए यावत्काल चंद्रमा अर अभिजित संबंधी गगनखण्डनिका संयोग रहै तावत्काल चंद्रमा अर अभिजितका योग कहिए । बहुरि याही प्रकार अधिक प्रमाण सतस-ठिका भाग जघन्य मध्यम उत्कृष्ट नक्षत्रनिके क्रमतैं एक हजार पांच दोय हजार दस तीन हजार पंद्रह गगनखण्डनिकौं दिएं जघन्य नक्षत्रनिका पंद्रह मुहूर्त मध्य नक्षत्रनिका तीस मुहूर्त उत्कृष्टनिका पैंतालीस मुहूर्त मात्र आसन्नमुहूर्त होहै ।

बहुरि तीस मुहूर्तका एक दिन होइ तौ पंद्रह आदि मुहूर्तनिका केता होइ ऐसैं कहि पंद्रहका अपवर्तन किएं जघन्य नक्षत्रनिका आधा दिन $\frac{1}{2}$ मध्यम नक्षत्रनिका एक दिन उत्कृष्ट नक्षत्रनिका ड्योढ दिन $\frac{3}{2}$ प्रमाण चंद्रमाको नक्षत्रभुक्ति काल हो है । बहुरि याही प्रकार अधिक प्रमाण पांचका भाग अपनें अपनें नक्षत्र संबंधी गगनखण्डनिकौं दिएं दिनादिक किएं सूर्यकै अभिजितका च्यारि दिन छह मुहूर्त जघन्य नक्षत्र का छह दिन इकईस मुहूर्त मध्यम नक्षत्रका तेरह दिन बारह मुहूर्त उत्कृष्ट नक्षत्रका बीस दिन तीन मुहूर्त प्रमाण नक्षत्रभुक्तिका काल जाननां ॥ ४०४ ॥

आगैं राहुका गगनखण्ड कहिकरि ताकै नक्षत्रभुक्ति कहै हैं—

रविखण्डादो बारसभागूणं वज्जदे जदो राहू ॥
तम्हा तत्तो रिक्खा बारहिहिदिगिसट्ठिखण्डहियो ॥ ४०५ ॥
रविखण्डतः द्वादशभागोनं व्रजति यतो राहुः ॥
तस्मात्ततः ऋक्षाणि द्वादशहितैकषष्टिखण्डाधिकानि ॥४०५

अर्थः— जातैं सूर्यकै खण्डनितै एकका बारहवां भाग घांटि राहु गमन करे है। सूर्यका अठारहसै तीस गगनखण्डनविषै एकका बारहवां भाग घटाएं अठारहसै गुणतीस गगनखण्ड अर ग्यारहका बारहवां भाग मात्र राहुकैं एक मुहूर्त विषैं गमन करनेका प्रमाण हो है। इनतैं इकसठिका बारहवां भाग अधिक नक्षत्रनिकैं गमन करनेका प्रमाण हो है। कैसैं इतना अधिक होहै? राहुका गगनखण्ड $१८२९\frac{११}{१२}$ नक्षत्रका गगनखण्ड १८३५ मैंस्यौं घटाएं ग्यारहका बारहवां भाग घटाएं इकसठिका बारहवां भाग अधिकका प्रमाण हो है। बहुरि "अहियहिदरिक्खखंडे" इस सूत्रके न्यायकरि अधिकका भाग अपनें अपनें नक्षत्रखण्डनिकौं दीएं राहूके नक्षत्र भुक्तिका काल आवै है।

तहां इकसठिका बारहवां भाग छोडनैंविषैं एक मुहूर्त होइ तौ छसै तीस अभिजित खण्डनिके छोडनेंविषैं केते मुहूर्त होइ ऐसैं छसै तीसकौं इकसठिका बारहवां भागका भाग देनां तहां भागहारका भागहार बारह ताकौं छसै तीसका गुणकारकरि ताकौं इकसठिका भाग देनां $\frac{६३०}{६१}$ । $\frac{१२}{}$ बहुरि इनकौं तीस सहित छहकरि अपवर्तन करनां $\frac{१२६}{६१}$ । $\frac{२}{}$ याकौं अपनें गुणकार करि गुणें $\frac{२५२}{६१}$ भागहारका भाग दिएं च्यारि

दिन अर आठका इकसठिवां भाग प्रमाण राहूके अभिजित नक्षत्रका भुक्तिका काल है।

या ही प्रकार राहूके जघन्य नक्षत्रका छह दिन अर छत्तीसका इकसठिवां भाग मध्य नक्षत्रका तेरह दिन अर ग्यारहका इकसठिवां भाग उत्कृष्ट नक्षत्रका उगणीस दिन अर सैंतालीसका इकसठिवां भाग प्रमाण भुक्तिकाल जाननां ॥ ४०५ ॥

आगैं अन्य प्रकारकरि राहुके नक्षत्र भुक्तिकौं कहै हैं।—

णक्खत्त सूरजोगज मुहुत्तरासिं दुवेहि संगुणिय ॥
एकट्ठिहिदे दिवसा हवंति णक्खत्तराहुजोगस्स ॥ ४०६ ॥
नक्षत्र सूरयोगज मुहूर्तराशिं द्वाभ्यां संगुण्य ॥
एकषष्ठिहिते दिवसा भवंति नक्षत्रराहुयोगस्य ॥ ४०६ ॥

अर्थः—नक्षत्र अर सूर्यका योग करि उपजै जो मुहूर्तनिका प्रमाणरूप राशि ताकौं दोय करि गुणि इकसठिका भाग दीएं जो प्रमाण आवै तितनैं नक्षत्र अर राहूके योगविषैं दिननिका प्रमाण जाननां। तहां सूर्यके अभिजित नक्षत्रका भुक्तिकाल च्यारि दिन छह मुहूर्त है। दिननिकौं तीस गुणांकरि मुहूर्त किएं सर्व एकसौ छब्बीस मुहूर्त भए। इनकौं दोय करि गुणें दोयसै बावन भए। इनकौं इकसठिका भाग दिएं च्यारि अर आठका इकसठिवां भाग आया। सोई राहुकै अभिजित नक्षत्रका भुक्तिकाल च्यारि दिन अर आठका इकसठीवां भाग प्रमाण है। ऐसैंही अन्य नक्षत्रनिका भी विधान करनां ॥ ४०६ ।

आगै एक अयनविषैं नक्षत्र भुक्ति सहित वा रहित जे दिन तिनकौं कहैं हैं—

अभिजादि तिसीदिसयं उत्तरअयणस्स होंति दिवसाणि ॥
अधिकदिणाणि तिणि य गददिवसा होंति इगि अयणे ॥४०७॥

अभिजिदादित्र्यशीतिशतं उत्तरायणस्य भवंति दिवसानि ॥
अधिकदिनानां त्रीणि च गतदिवसानि भवंति एकस्मिन् अयने ॥

अर्थः—अभिजितकौं आदि दै करि पुष्य पर्यंत जे जघन्य मध्य उत्कृष्ट नक्षत्र तिनके एकसौ तियासी दिन उत्तरायणके हो हैं। बहुरि इनतैं अधिक दिन तीन एक अयनविषैं गत दिवस हो हैं। ४०७।

आगैं अधिक दिननिकी उत्पत्ति कौं कहैं हैं—

एक्कपहल्लंघणंपडि जदि दिवसिगिसट्ठिभागमुवलद्धं ॥
किं तेसीदिसदस्सिदि गुणिदि ते होंति अहियदिणा ।४०८।
एकपथलंघनंप्रति यदि दिवसैकषष्ठिभागं उपलब्धं ॥
किं त्र्यशीतिशतस्येति गुणिते ते भवंति अधिक दिनानि ।४०८।

अर्थः—वीथीरूप एक सूर्यका मार्ग ताका उलंघनप्रति जो एक दिनका इकसठिवां भाग पावै तौ एकसौ तियासि मार्गनिका उलंघन-प्रति केते दिवस पावै ऐसैं त्रैराशिक करि तहं इकसठि करि अपवर्तन करि गुणें अधिक दिन तीन होहै। बहुरि एक अयनविषैं एकसौ तियासी दिन कैसैं हैं सो कहिए हैं।

एक मुहूर्त विषैं गमन योग्य सूर्यके अठारहसै तीस खण्ड अर नक्षत्रके अठारहसै पैंतीस खण्ड तातैं सूर्यके नक्षत्रतै पांच खण्ड छोडनैं विषैं एक मुहूर्त होइ तौ अभिजित नक्षत्रके छसै तीस खण्ड छोडनैं विषैं केते मुहूर्त होइ ऐसैं मुहूर्त करि $\frac{६३०}{५}$ ताकौं तीसका भाग देइ दिन करने $\frac{६३०}{५३०}$ बहुरि भाज्य भाजककौं तीस करि अपवर्तन किएं इकईस दिनका पांचवां भाग प्रमाण अभिजितका भुक्तिकाल आया। ऐसैं ही जघन्य मध्य उत्कृष्ट नक्षत्र श्रवण आदि पुनर्वसु पर्यंत तिनके त्रैराशिक

विधिकरि मुहूर्त वा दिनकरि क्रमतैं पंद्रह तीस पंद्रहकरि अपवर्तनकरि जो जो पावै सो सो तिस तिस नक्षत्रविषैं स्थापन करनां ॥ ४०८ ॥

आगै पुष्यविषैं विशेष हैं ताके प्रतिपादनकै अर्थि कहैं हैं ।—

सतिपंचमचउदिवसे पुस्से गमियुत्तरायणसमत्ती ॥
सेसे दक्खिणआदी सावणपडिवदि रविस्स पढमपहे ॥ ४०९ ॥
सत्रिपंचमचतुर्दिवसान् पुष्ये गत्वा उत्तरायणसमाप्तिः ॥
शेषान् दक्षिणादिः श्रावणप्रतिपदि रवेः प्रथमपथे ॥ ४०९ ॥

अर्थः—तीन दिनका पंचवा भाग सहित च्यारि दिन पुष्य नक्षत्रका भुक्तिकालविषैं जाइकरि उत्तरायणकी समाप्तता हो है । एसैं करि पूर्वोक्त प्रकार पुष्य नक्षत्र भुक्तिका कालकौं सडसठि दिनका पांचवां प्रमाण ल्याइ तामैं तीनका पांचवां भाग सहित च्यारि दिनका समछेद किएं तेईस दिनका पांचवां भाग भया सो ग्रहिकरि उत्तरायणकी समाप्ताविषैं देनां अवशेष चवालीस दिनका पांचवां भाग रह्या तामैं कोष्ट पूरण करनेकै अर्थि तितना ही तेईस दिनका पांचवां भाग ग्रहि करि दक्षिणायनका प्रथम कोष्टविषैं दिए यहु ही श्रावण मासविषैं पड़िवाके दिन सूर्यका प्रथम मार्गविषैं दक्षिणायनका आदि हो है । अवशेष इकईस दिनका पांचवां भाग द्वितीय कोष्ट विखैं देनां । बहुरि ऐसैंही पूर्वोक्त प्रकार आश्लेषा आदि उत्तराषाढा पर्यंत नक्षत्रनिकी सूर्यके भुक्तिका काल ल्याइ तिहतिह नक्षत्रविषैं स्थापन करनां ।

भावार्थः—सूर्यका उत्तरायणविषैं प्रथम अभिजित नक्षत्रकी भुक्ति हो है ताका काल पूर्वोक्त प्रकार किएं इकईस दिनका पांचवां भाग प्रमाण है । पीछे क्रमतैं श्रवण १ धनिष्ठा शतभिखा १ पूर्वाभाद्रपदा १ रेवती १ अश्विनी १ भरणी १ कृत्तिका १ रोहिणी १ मृगशीर्षा १ आर्द्रा १ पुनर्वसु १ इनकी भुक्ति हो है । तहां शतभिषा १ भरणी १ आर्द्रा १ ए तीन जघन्य नक्षत्र हैं तिनका तौ एक एकका भुक्तिकाल

सडसठि दिनका दशवां भाग प्रमाण है। बहुरि श्रवण १ धनिष्ठा १ पूर्वाभाद्रपदा १ रेवती १ अश्विनी १ कृत्तिका मृगशीर्षा ए सात मध्य नक्षत्र हैं सो इनका एक एकका भुक्तिकाल सतसठि दिनका पांचवां भाग प्रमाण है।

बहुरि उत्तराभाद्रपदा रोहिणी पुनर्वसु ए तीन उत्कृष्ट नक्षत्र हैं सो इनका एक एकका भुक्तिका दोयसै एक दिनका दशवां भाग प्रमाण है बहुरि पीछै पुष्य नक्षत्रका भुक्तिकाल सडसठि दिनका पांचवां भाग प्रमाण तामें तेईस दिनका पांचवां भाग मात्र काल पर्यंत पुष्य नक्षत्रकी भुक्ति इस अयनविषैं हो है। ऐसैं सर्व कालकों समच्छेद करि होहैं सूर्यके उत्तरायणविषैं एकसौ तियासी दिन हो है। बहुरि दक्षिणायनका प्रारंभ श्रावण कृष्णकी पडिवाके दिन हो है। तहां प्रथम पुष्य नक्षत्र भोगिए हैं। पुष्य नक्षत्रका भुक्तिकाल सडसठि दिनका पांचवा भागविषैं तेईस दिनका पांचवां भाग तौ उत्तरायणविषैं भए थे अवशेष चौवालीस दिनका पांचवा भाग इस अयनकी आदिविषैं भोगिए हैं। तहाँ उत्तरायण समान कोठे पूर्ण करनेंकौ प्रथम कोष्ठविषैं तौ तेईसका पांचवां भाग देना। दूसरा कोष्ठविषैं अभिजितकी जायगा। इकईसका पांचवां भाग देना।

ऐसैं प्रथम पुष्य नक्षत्रका भुक्तिकाल भएं पीछे क्रमतैं आश्लेषा १ मघा १ पूर्वा १ फाल्गुनी १ उत्तरा फाल्गुनी १ हस्त १ चित्रा १ स्वाति १ विशाखा १ अनुराधा १ ज्येष्ठा १ मूल १ पूर्वाषाढा १ उत्तराषाढा इन नक्षत्रनिकौं भोगवै है। तहां आश्लेषा १ स्वाति १ ज्येष्ठा १ ये तीन जघन्य नक्षत्र हैं सो इनका तौ एक एक एकका भुक्तिकाल सतसठि दिनका दशवां भाग प्रमाण है। बहुरि मघा, पूर्वाफाल्गुनी, हस्त, चित्रा, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढा ये सात मध्य नक्षत्र हैं। सो इन एक एकका भुक्तिकाल सतसठि दिनका पांचवां भाग

प्रमाण है। बहुरि उत्तरा फाल्गुनी, विशाखा, उत्तराषाढा ये तीन उत्कृष्ट नक्षत्र हैं। सो इन सर्व भुक्तिकालनिकौं जोडै सूर्यके दक्षिणायनविषैं एकसौ तियासी दिन होहै।

बहुरि अब चंद्रमाका कहिए हैं। पूर्वोक्त प्रकार चंद्रमाका भुक्ति-काल इकईस दिनका सतसठिवां भाग प्रमाण ल्याई तिस चंद्रमाईकै जघन्य मध्य उत्कृष्ट नक्षत्रनिका भुक्तिकालविषैं श्रवण आदि पुनर्वसु पर्यंत नक्षत्रनिकी पूर्वोक्त प्रकार भुक्तिल्याइ तिहविषैं सर्वत्र सदसठिकौं भाजक करि भाज्यका अपवर्तन करि बहुरि भाजक तीस अर भाज्यका जघन्य उत्कृष्ट नक्षत्रनिका पंद्रहकरि अपवर्तनकरि अर मध्यमनिकै तीसकै अप-वर्तनकरि जो जो पावै सो सो तिस तिस नक्षत्रविषैं स्थापन करनां। बहुरि पुष्यविषैं सूर्यके भुक्ति सतसठि दिनका पांचवां भाग मात्रविषैं चंद्रमाके भुक्ति एक दिन प्रमाण होइ तौ पुष्यविषैं सूर्यकै तेईस दिनका पांचवां भागविषैं चंद्रमाकै केती होइ ऐसैं त्रैराशिक करि आई जो तेईसका सतसठिवां भाग भाग प्रमाण भुक्ति सो उत्तरायणकी समाप्तताविषैं देनी ऐसेही दक्षिणायनविषैं विधान करना।

भावार्थ—चंद्रमाकै उत्तरायणविषैं पहले अभिजितकी भुक्ति होहै। ताका काल इकईस दिनका सतसठिवां भाग मात्र है। पीछै श्रवण आदि पुनर्वसु पर्यंत नक्षत्र क्रमतैं भोगिए हैं। तहां तीन जघन्य नक्षत्र-निविषैं एक एकका भुक्तिकाल अर्ध दिन है सात मध्य नक्षत्रनिविषैं एक एकका भुक्तिकाल एक दिन है। तीन उत्कृष्ट नक्षत्रनिविषैं एक एकका भुक्तिकाल ड्योढ दिन है। बहुरि तहां पीछैं पुष्य नक्षत्रका भुक्तिकाल एक दिनविषैं तेईस दिनका सतसठिवां भाग कालप्रमाण पुष्य नक्षत्र भोगिए हैं। ऐसैं सर्वकाल जोडैं चंद्रमाका उत्तरायणविषैं तेरह दिन अर चवालीसके सडसठिवां भाग मात्र काल होहै।

बहुरि दक्षिणायनविषैं पहलें पुष्य नक्षत्र भोगिए हैं तहां पुष्य

नक्षत्रका भुक्तिकाल एक दिन विषैं तेईस दिनका सतसठिवां भाग मात्र काल उत्तरायणविषैं गया अब शेष चवालीसका सडसठिवां भाग प्रमाण काल इहां भोगिए हैं । बहुरि आश्लेषा आदि उत्तराषाढा पर्यंत नक्षत्र क्रमतैं भोगिए हैं। तहां तीन जघन्य नक्षत्र सात मध्य नक्षत्र तीन उत्कृष्ट नक्षत्रनिका भुक्तिकाल क्रमतैं एक एकका आधा दिन एक दिन ड्योढ दिन जाननां । सर्वकाल मिलाएं चंद्रमाका दक्षिणायन विषै तेरह दिन अर चवालीसका सडसठिवां भाग प्रमाण काल हो है ।

अब राहुका कहिए हैं राहुकै अभिजित आदि पुनर्वसु पर्यंत नक्षत्रनिकी भुक्तिरयाई तिस तिस नक्षत्रविखैं स्थापना करनां । बहुरि पुष्यविषै सूर्यके सतसठि दिनका पांचवां भाग प्रमाण भुक्ति होतैं राहुकै आठसैं च्यारिसैका इकसठिवां भाग प्रमाण भुक्ति होइ तौ सूर्यके तेईस दिनका पांचवां भाग प्रमाण भुक्ति होतै राहुकै केती भुक्ति होइ ऐसैं-रयाइ अपवंतन करै दोयसै छिहंत्तरि दिनका इकसठिवां भाग प्रमाण भुक्ति उत्तरायणकी समाप्तिविषैं पुष्यकी स्थापना करनी बहुरि पूर्ववत् दक्षिणायन विषै विधान करनां ।

भावार्थ— राहुकै उत्तरायणविषै प्रथम अभिजितकी भुक्ति हो है ताका काल दोयसै बावन दिनका इकसठिवां भाग मात्र है पीछे श्रवणादि पुनर्वसु पर्यंत नक्षत्रनिकी भुक्ति क्रमतैं होहै । तिनविषै तीन जघन्य सात मध्य तीन उत्कृष्ट नक्षत्रनिका भुक्तिकाल क्रमतैं च्यारिसै दोयका इकसठिवां भाग बारहसै छैका इकसठिवां भाग प्रमाण होहै । पीछै पुष्यकी भुक्ति होहै ताका काल आठसैच्यारि दिनका इकसठिवां भागविषै दोयसै छिहंतरि दिनका इकसठिवां भाग मात्र पुष्यकी भुक्तिका काल होहै । ऐसैं सर्वकाल मिलि राहूकै उत्तरायणविषैं एकसौ असी दिन होहैं ।

बहुरि राहू दक्षिणायनविषै प्रथम पुष्यका भुक्तिकालविषैं अवशेष पांचसै अठाईस दिनका इकसठिवां भाग प्रमाण काल पर्यंत तौ पुष्यकी भुक्ति होहै। पीछे आश्लेषादि उत्तराषाढ पर्यंत नक्षत्रनिकी भुक्ति क्रमतैं होहै। तहां तीन जघन्य सात मध्य तीन उत्कृष्ट नक्षत्रनिका भुक्तिकाल क्रमतैं च्यारिसै दोयका इकसठिवां भाग आठसै च्यारिका इकसठिवां भाग बारहसै छैका इकसठिवां भाग मात्र है। ऐसैं सर्वकाल मिलि राहु-के दक्षिणायनविषैं एकसौ असी दिन होहै। याप्रकार नक्षत्र भुक्तिकौं समच्छेद करि जोडैं चंद्रमाके अयनके दिन तेरह अर चवालीसका सतसठिवां भाग होहै। बहुरि दोऊ अयन मिलाएं वर्षके दिन सत्ताईस इकतीसका ईकसठिवां भाग होहै। बहुरि सूर्यके अयन दिन एकसौ तियासी वर्ष दिन तीनसै छयासठि होहै। बहुरि राहुके अयनदिन एकसौ असी वर्ष दिन तीनसैं साठि होहैं॥ ४०९॥

आगैं अधिक मासका प्रतिपादनकै अर्थि सूत्र कहैं हैं—

इगिमासे दिणवड्ढि वस्से बारह दुवस्सगेसदले॥
अहिओ मासो पंचयवासप्पजुगे दुमासहिया॥ ४१०॥
एकस्मिन् मासे दिनवृद्धि र्वर्षे द्वादश द्विवर्षके सदले॥
अधिको मासः पंचवर्षात्मकयुगे द्विमासौ अधिकौ॥४१०॥

अर्थः— एक मासविषैं एक दिनकी वृद्धि होइ अढाई वर्षविषैं एक मास अधिक होइ। पंच वर्षका समुदाय सोई है स्वरूप जाका ऐसा युग तिहविषैं बारह दिन बधै तौ अढाई वर्षविषैं कितने दिन बधै ऐसैं किएं लब्धराशि तीस दिन होइ। ऐसैं ही युगविषैं भी त्रैराशिक करनां।

भावार्थः——एक वर्षके बारह मास एक मासके तीस दिन तहां इकसठिवैं दिन एक तिथि घटे तातैं वर्षके तीनसैं चौवन दिन होइ। अर सूर्यके तीनसै छासठि दिन है। सो बारह दिन एक वर्षविषैं

व्यती भए सो अढाई वर्ष व्यतीत भएं एक अधिक मास होइ तब तेरह मासका वर्ष होइ। बहुरि ऐसैं ही अढाई वर्ष और भए एक मास अधिक होइ। या प्रकार पांच वर्ष प्रमाण जो युग तिहविषैं दोय अधिक मास होइ॥ ४१०॥

अब पूर्व गाथाका जु अर्थ ताहीकौं आठ गाथानिकरि वर्णन करैं हैं।--

आसाढपुण्णमीए जुगणिप्पत्ती दु सावणे किण्हे॥
अभिजिम्हि चंदजोगे पाडिवदिवसम्हि पारंभो॥ ४११॥
आषाढपूर्णिमायां युगनिष्पत्तिः तु श्रावणे कृष्णपक्षे॥
अभिजिति चंद्रयोगे प्रतिपद्दिवसे प्रारंभो॥४११॥

अर्थः--आषाढ मासविषैं पून्यौंके दिन उपरान्त समय उत्तरायण-की समाप्तता होतै पंच वर्ष स्वरूप युगकी निष्पत्ति कहिए संपूर्णता सो हो है। बहुरि श्रावण मास कृष्ण पक्षविषैं अभिजित नक्षत्र अर चंद्रमा-का योग होतैं पडिवाकै दिन दक्षिणायनका प्रारंभ हो है।

भावार्थ --आषाढ सुदि पून्यौं अपराण्हविषैं तौ पूर्व युगकी समा-प्तता भइ। बहुरि श्रावण वदि एकै दिन जहां चंद्रमाकै अभिजित नक्षत्र-का भुक्तिकाल होइ तहां सूर्यका दक्षिणायनका आरंभ हो है। सोई नवीन पांच वर्ष स्वरूप जो युग ताका प्रारंभ जानना॥ ४११॥

आगैं किस वीथीविषैं किस अयनका प्रारंभ हो है सो कहैं हैं--

पढमंतिमवीहीदो दक्खिणउत्तरदिगयणपारंभो॥
आउट्टी एगादीदुगुत्तरा दक्खिणाउट्टी॥ ४१२॥
प्रथमांतिमवीथीतः दक्षिणोत्तरदिगयनप्रारंभः॥
आवृत्तिः एकादिद्विकोत्तरा दक्षिणावृत्तिः॥ ४१२॥

सोई उत्तरायणविषैं प्रथम आवृत्ति है। बहुरि दूसरी आवृत्ति शतभिषक नक्षत्रका योग होतैं शुक्ल पक्षकी चौथी तिथिविषैं हो है ॥ ४१६ ॥

बहुरि तीसरी आदि आवृत्ति कैसें सो कहैं हैं।—

पडवदि किण्हे पुस्से चोत्थीमूले य किण्हतेरसिए ॥
कित्तिय रिक्खे सुक्के दसमीए पंचमी होदि ॥ ४१७ ॥
प्रतिपदि कृष्णे पुष्ये चतुर्थी मुले च कृष्णत्रयोदश्याम् ॥
कृत्तिका ऋक्षे शुक्ले दशम्यां पंचमी भवति ॥४१७ ॥

अर्थ—कृष्ण पक्षकी पडिवातिथिविषैं पुष्य नक्षत्रका योग होतैं तीसरी आवृत्ति होहै। बहुरि चौथी आवृत्ति कृष्ण पक्षकी त्रयोदशी तिथिविषैं मूल नक्षत्रका योग होतैं हो है। बहुरि शुक्ल पक्षकी दशमी तिथिविषैं कृत्तिका नक्षत्रका योग होतैं पांचवी आवृत्ति हो है ॥४१७॥

कह्या अर्थको जोडै हैं—

ताओ उत्तरअयणे पंचसु वासेसु माघमासेसु ॥
आउट्टीओ भणिदा सूरस्सिह पुव्वसूरीहिं ॥ ४१८ ॥
ताः उत्तरायणे पंचसु वर्षेषु माघमासेषु ॥
आवृत्तयः भणिताः सूर्यस्येह पूर्वसूरिभिः ॥ ४१८ ॥

अर्थ— ते ए आवृत्ति उत्तरायणविषैं पांच वर्षनिविषैं जे पांच माघमास होहि तिनविषैं पूर्व आचार्यनिकरि सूर्यकी कही हैं। अब कही जु गाथा तिनका रचनाका उद्धार करनेका विधान कहिए हैं। पांच वर्षका समुदाय सो युग है। जातैं युगके आरंभतैं पांच वर्ष व्यतीत भए तिथि आदि रचना जैसें पहिले युगविषैं थी तैसें ही है। सो युगविषैं दक्षिणायनका प्रारंभ तौ पांच श्रावण मासनिविषैं होई अर उत्तरायणका प्रारंभ पांच माघमासनिविषैं होइ। बहुरि बीचिविषैं दक्षिणायनविषैं फाल्गुन आदि मास होहैं।

तहां एक एक मासकी इकतीस तिथि स्थापन करनी। काहेतैं? एक मासकी तीस तिथि होहै। अर-" इगिमासं दिणवड्ढी " इस सूत्र करि एक मासविषैं एक दिन बधै तातैं इकतीस तिथि स्थापन करना। इहां पंद्रह पंद्रह दिनका पक्ष ग्रहण किया तातें एक मासके तीस दिनही ग्रहण किए। बहुरि जो तिथि घटै है तिहकी विवक्षा किए पक्षविषैं भी घटती दिन कहना होइ मासविषैं भी कहना होइ तातैं भावार्थ:- एक जानि तीस दिनही मासके ग्रहण कीए। तहां युगविषैं दक्षिणायनविषैं प्रथम श्रावण मासविषैं कृष्ण पक्षके पंद्रह शुक्लके पंद्रह कृष्णका एक दूसरेविषैं कृष्णके तीन शुक्लके पंद्रह कृष्णके तेरह, तीसरेविषैं शुक्लके छह कृष्णके पंद्रह शुक्लके दश, चौथेविषैं कृष्णके नव शुक्लके पंद्रह कृष्णके सात, पांचवांविषैं शुक्लके बारह कृष्णके पंद्रह शुक्लके च्यारि दिन हो है।

बहुरि उत्तरायणविषैं प्रथम माघविषैं कृष्ण पक्षके सात, दूसरेविषैं शुक्लके बारह कृष्णके पंद्रह कृष्णके एक चौथेविषैं कृष्णके तीन शुक्लके पंद्रह कृष्णके तेरह, पांचवां माघविषैं शुक्लके छह कृष्णके पंद्रह शुक्लके दश दिन होहै। बहुरि दक्षिणायनविषैं बीचि जे भाद्रपदादिक मास अर उत्तरायणविषैं बीचि फाल्गुन आदि मास तिनविषैं आदिविषैं एक एक घटता अर अंतविषैं एक एक बधता दिन स्थापन करिए ऐसैं एक एक मासविषै इकतीस तिथी स्थापन किए तीह मासविषैं वा तीह तीह अयन-विषै अधिक दिन आवैं हैं।

भावार्थ:—प्रथम श्रावणविषै वदि एकैतै लगाय पंद्रह तिथी कृष्ण पक्षकी अर पंद्रह शुक्ल पक्षकी अर एक भाद्रपदका कृष्णकी मिली एकतीस तिथि होई। बहुरि भाद्रपदविषैं पंद्रह तिथि कही थी तामें एक घटाएं दोय अश्विनके कृष्ण पक्षकी मिलाएं इकतीस तिथि हो है। बहुरि अश्विनीविषैं आदिमें एक घटाएं तेरह कृष्ण

पक्षकी पंद्रह शुक्ल पक्षकी अंतविखैं एक बधाएं तीन कार्तिकके कृष्ण पक्षकी मिलाएं इकतीस तिथी हो हैं। ऐसैं ही कार्तिकविषैं बारह कृष्णकी पंद्रह शुक्लकी च्यारि कृष्णकी मार्गशीर्षविषैं ग्यारह कृष्णकी पंद्रह शुक्लकी पांच कृष्णकी पौषविषैं दश कृष्णकी पंद्रह शुक्लकी छह कृष्णकी तिथि मिलैं इकतीस तिथि होई।

बहुरि उत्तरायणविषैं माघवदी सातैं तें नव कृष्णकी इत्यादि रचना किएं बहुरि दक्षिणायनविषैं द्वितीय श्रावणमास विषैं श्रावण वदी त्रयोदशीतैं लगाय तीन कृष्णकी पंद्रह शुक्लकी तेरह कृष्णकी तिथि हो हैं। बहुरि भाद्रपदादिकविषैं रचना करानी। ऐसैं रचना किएं मासविषैं अयनविषैं अधिक दिन आवै है। इस क्रमकरि पंचवर्षात्मक युगविषैं दोय अधिक मास हो हैं। ॥ ४१८ ॥

आगैं दक्षिणायन और उत्तरायणके प्रारंभ विषैं नक्षत्र ल्यावनैंका विधान कहैं हैं।—

रूऊणाउट्टिगुणं इगिसीदिसदं तु सहिद इगिवीसं ॥
तिघणहिदे अवसेसा अस्सिणि पहुदीणि रिक्खाणि ।४१९।
रूपोनावृत्तिगुणं एकाशीतिशतं तु सहितं एकविंशत्या ॥
त्रिघनहृते अवशेषाणि आश्विनी प्रभृतीनि ऋक्षाणि ।४१९।

अर्थः—रूपोनावृत्ति कहिए जेथवीं आवृत्ति होइ तामें एक घटाएं जो प्रमाण होइ तिहकरि गुण्या हुवा एकसौ इक्यासी तामें इकईस जोडिए अर ताकौं तीनका घन जो सत्ताईस ताका भाग दिएं जेता अवशेष रहै तेथवां नक्षत्र अश्विनी आदितैं जाननां। उदाहरण—जैसे विवक्षित आवृत्ति प्रथम तामें एक घटाए शून्य अवशेष रहै तीहकरि एकसौ इक्यासीकौं गुणिए सो शून्य करि गुण्या हुवा अंक शून्य ही होइ तातैं गुणें भी शून्य ही पाया। तीह बिंदिविषैं इकईस जोडैं इकईस ही भए।

बहुरि इहां सत्ताईस तैं अधिक होता तौ सत्ताईसका भाग देते तातैं इकईस ही रहे सो अश्विनी भरणी कृत्तिका आदि अनुक्रमतैं गिणैं अश्विनी तैं लगाय जो ईकईसवां नक्षत्र होइ सोई प्रथम आवृत्तिविषैं नक्षत्र होइ सो अश्विनीतैं लगाय ईकईसवां नक्षत्र उत्तराषाढा है। परंतु इहां अभिजितका ग्रहण करना। काहेतै सो कहिए हैं। यद्यपि नक्षत्र अट्ठाइस है। तथापि जहां नक्षत्रनि- की गणनादिक करिए हैं तहां सत्ताईस नक्षत्रनिहीका ग्रहण कीजिए हैं। अभिजित नक्षत्रका ग्रहण न कीजिए हैं जातैं याका साधन सूक्ष्म है तातैं इहां प्रथम आवृत्तिविषै स्थूलपनै साधन किए उत्तराषाढ आवै परंतु सूक्ष्मपनैं साधन किए अभिजित नक्षत्र जाननां। आगैंभी अश्विनी आदिकतैं वा कार्तिक आदिकतैं नक्षत्र गणनाविषैं अभिजित नक्षत्रका ग्रहण करना नाहीं।

या प्रकार दक्षिणायनका प्रारंभविषैं प्रथम श्रावण मासविषैं नक्षत्र ल्यावनैका विधान कह्या। अब दूसरा उदाहरण कहिए हैं। विवक्षित दूसरी आवृत्ति तामैं एक घटाएं एक रह्या तीह करि एकसौ इक्यासीकौं गुणें एकसौ इक्यासीही हुवा इनमें इकईस मिलाए दोयसैं दोय भए इन- कौं सत्ताईसका भाग दिए अवशेष तेरह रहे सो अश्विनी नक्षत्रतैं तेरह्वां नक्षत्र हस्त सो उत्तरायणका प्रारंभविषैं प्रथम माघ मासविषैं हस्त नक्षत्र पाईए हैं। ऐसेही तीसरी पांचवी सातवी नवमीं आवृत्तिविषैं दक्षिणाय- नका प्रारंभ श्रावण मासविषैं होहै। तहां अर चौथी छठी आठवीं दशवीं आवृत्तिविषैं उत्तरायणका प्रारंभ माघ मासविषैं होहैं। तहां नक्षत्र साधन करनां॥ ४१९॥

आगैं दक्षिणायन उत्तरायणकै पर्व वा तिथि ल्यावनैंविषैं सूत्र कहे हैं —

वेगाउट्टिगुणं तेसीदिसदं सहिद तिगुणगुणरूवे ॥
पण्णरभजिदे पव्वा सेसा तिहिमाणमयणस्स ॥ ४२० ॥
व्येकावृत्तिगुणं त्र्यशीतिशतं सहितं त्रिगुणगुणरूपेण ॥
पंचदशभक्ते पर्वाणि शेषं तिथिमानं अयनस्य ॥ ४२० ॥

अर्थ —व्येका वृत्ति कहिए जेथवी विवक्षित आवृत्ति होइ तामें एक घटाएं जो प्रमाण रहै तिहकरि एक सौ तियासीकों गुणिए, बहुरि जितनैं गुणकारक एकसौं तियासीकौं गुणकरि ताकौं तिगुणाकरि तामें जोडिएं। बहुरि एक और जोडिए जो प्रमाग होइ ताकौं पंद्रहका भाग दीजिए जो लब्ध प्रमाण आवै तितनैं तौ पर्व जाननैं अवशेष रहै सो तिथि प्रमाण जाननां। दक्षिणायन वा उत्तरायणका ऐसैंही जाननां उदाहरण विवक्षित आवृत्ति प्रथम तामैं एक घटाएं बिंदीही तिहकरि एकसौ तियासी-कौं गुणों बिंदी करि गुणें बिंदीही होइ इस न्यायकरि बिंदीही आई।

बहुरि इहां गुणकार बिंदी ताकौं तिगुणां किएंभी बिंदीविषैं बिंदी जोडैं बिंदी ही भई। बहुरि तामें एक जोडैं एक भया याकौ पंद्रहका भाग लागै नहीं तातैं पर्वका तौ अभाव जाननां। अर अवशेष एक रह्या सो तिथिका प्रमाण जानना ऐसैं प्रथम आवृत्ति दक्षिणायनका प्रारंभविषैं प्रथम श्रावण मासविषैं पर्वका तौ अभाव आया पक्षकी पूर्णताभएं पूर्णमां वा अमावस्या जो होइ ताका नाम पर्व है। सो युगका आरंभ भएं पीछें जेते पर्व व्यतीत होइ सोई इहां पर्वनिकी संख्या जाननी। सो प्रथम आवृत्तिविषै कोऊ भी पर्व व्यतीत भया तातैं पर्वका अभाव जाननां। अर तिथिका प्रमाण एकै जाननां।

बहुरि दूसरा उदाहरण विवक्षित आवृत्ति दूसरी तामैं एक घटाएं एक रह्या तीहकरि एकसौ तियासीकौं गुणें एकसौ तियासी भए। बहुरि गुणकारका प्रमाण एक ताकौ तिगुणा किए तीनसौ मिलाय एकैसौ छियासी भये। बहुरि तामैं एक और जोडैं एकसौ सित्यासी भए।

बहुरि तामैं एक और जोडे एकसौ सित्यासी भए । इनकों पंद्रहका भाग दिएं बारह पाएं सो बारह तौ पर्वका प्रमाण भया । युगका प्रारंभतैं बारह पर्व व्यतीत भएं पीछैं दूसरी आवृत्ति हो है । अर अवशेष सात रहे सो सात तिथि जाननी । ऐसैं दूसरी आवृत्ति उत्तरायणका प्रारंभ होतैं प्रथम माघमासविषैं होई तहां युगके आरंभतैं बारह तौ पर्व व्यतीत भए जाननें अर सातैं तिथि जाननी । याही प्रकार अन्य आवृत्तिनिविषैं भी पर्व वा तिथीका प्रमाण ल्यावनां ॥ ४२० ॥

आगे दिन वा रात्रिका प्रमाण जिहिंकालविषैं समान होइ ताका नाम विषुप हैं तिह विषुपविषैं पर्व वा तिथि वा नक्षत्रनिकौं छह गाथानिकरि युगके दश अयनिविषैं कहे हैं:—

छम्मासद्धगयाणं जोइसयाणं समाणदिणरत्ती ॥
तं इसुपं पढमं छसु पव्वसु तीदेसु तदिय रोहिणिए ॥४२०॥
षण्मासार्धगतानां ज्योतिष्काणां समानदिनरात्री ॥
तत् विषुवं प्रथमं षट्सु पर्वसु अतीतेषु तृतीया रोहिण्याम् ॥

अर्थः—छह मासका अर्द्ध ज्योतिषीनिके भएं समान रात्रि हो है सोई विषुप है । भावार्थः—एक अयन छह मासका हो है । तहां आधा अयन भएं दिन अर रात्रिका प्रमाण समान हो है । सो जिस कालविषैं दिन रात्रि होइ ताका नाम विषुप है । सो पंच वर्ष प्रमाण युगविषैं दश विषुप हो हैं । पांच तौ दक्षिणायनका अर्द्धकालविषैं अर पांच उत्तरायणका अर्द्धकालविषैं हो है तहां पहला विषुप दक्षिणायनका अर्धकालविषैं दूसरा उत्तरायणका अर्धकालविषैं ऐसैं क्रमतैं जाननें । तहां प्रथम विषुप मृगके आरंभतैं छह पर्व व्यतीत भएं तृतीय तिथिविषैं रोहिणी भुक्ति चंद्रमाकै होत होत सो हो संतैं हो है ॥ ४२१ ॥

बिगुणणवपव्वऽतीदे णवमीए विदियगं धणिट्ठाए ॥
इगितीसगदे तदियं सादीए पण्णरसमम्हि ॥ ४२२ ॥
द्विगुणनवपर्वातीतेषु नवम्यां द्वितीयकं धनिष्टायाम् ॥
एकत्रिंशग्ते तृतीयं स्वातौ पंचदशाम् ॥ ४२२ ॥

अर्थ.—दुगुण नव जो युगके आरंभ पीछैं अठारह पर्व व्यतीतभएं नवमी तिथिविषैं धनिष्ठा नक्षत्रका योग चंद्रमाकै होतैं दुतीय विषुप होहै। बहुरि इकतीस पर्व व्यतीत भएं तीसरा विषुप स्वाति नक्षत्र सन्तै पंचदशी तिथिविषै होयहै। सो कृष्णपक्ष पक्ष पनेतै अर्थतै अमावास्या विषय होहै ॥ ४२२ ॥

तेदालगदे तुरियं छट्ठिपुणव्वसुगयं तु पंचमयं ॥
पणवण्णपव्वतीदे बारसिए उत्तराभद्दे ॥ ४२३ ॥
त्रिचत्वारिंशद्गतेषु तुरीयं षष्ठीपुनर्वसुगतं तु पंचमयं ॥
पंचपंचाशत्पर्वातीतेषु द्वादश्यां उत्तराभाद्रे ॥ ४२३ ॥

अर्थः—तियालीस पर्व व्यतीत भए चौथा विषुप षष्ठीविषैं पुनर्वसु नक्षत्रकों प्राप्त भएं हो है। बहुरि पांचवां विषय पचावन पर्व व्यतीत भएं द्वादशी तिथिविषै उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र होते संतै हो है ॥४२३॥

अडसट्ठिगदे तदिए मित्ते छट्ठे असीदिपव्वगदे ॥
णवमिमघाए सत्तममिह तेणउदिगदे दु अट्ठमयं ॥ ४२४ ॥
अष्टषष्ठिगतेषु तृतीयायां मैत्रे षष्ठ अशीतिपर्वगतेषु ॥
नवमीमघायां सप्तमं इह त्रिनवतिगतेषु तु अष्टमम् ॥४२४॥

अर्थः—अडसठि पर्व गए तृतीय तिथिविषैं मैत्र जो अनुराधा नक्षत्र ताकों होत संतैं छठा विषुप हो है। बहुरि असी पर्व गएं नवमी तिथिविषैं मघा नक्षत्र होतै सातवां विषुप हो है। बहुरि इहां तेरणवै पर्व गएं आठवां विषुप हो है ॥ ४२४ ॥

अस्सिणि पुण्णे पव्वे णवमं पुण पंचजुद सए पव्वे ॥
तीदे छट्ठि तिहीए णक्खत्ते उत्तरासाढे ॥ ४२५ ॥
अश्विनी पूर्णे पर्वणि नवमं पुन पंचयुत शतेषु पर्वेषु ॥
अतितेषु षष्टी तिथौ नक्षत्रे उत्तराषाढे ॥४२५ ॥

अर्थः—सो आठवां विषुप अश्विनी नक्षत्र होतैं पूर्ण जो अमावस्या तिहविषैं हो है। बहुरि नवमां विषुप एकसौ पांच वर्ष व्यतीत भएं षष्ठी तिथिविषैं उत्तराषाढ नक्षत्र होतैं हो है ॥ ४२५ ॥

चरिमं दसमं विसुपं सत्तरहसुत्तर सएसु पव्वेसु ॥
तीदेसु बारसीए जाइति उत्तरगफग्गुणिए ॥ ४२६ ॥
चरमं दशमं विषुवं सप्तदशोत्तर शतेषु पर्वेषु ॥
अतीतेषु द्वादश्यां जायते उत्तराफाल्गुन्याम् ॥ ४२६ ॥

अर्थः— अंतका दशवां विषुप एकसौ सतरह पर्व व्यतीत भएं द्वादशी तिथिविषैं उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र होतैं हो है ॥ ४२६ ॥

आगैं विषुपविषैं पर्व वा तिथि ल्यावनेकौं सूत्र कहै है।—

विगुणे सगिट्ठइसुपे रूऊणे छग्गुणे हवे पव्वं ॥
तप्पव्वदलं तु तिथी पवट्टमाणस्स इसुपस्स ॥ ४२७ ॥
द्विगुणे स्वकेष्टविषुपे रूपोने षड्गुणे भवेत् पर्व ॥
तत्पर्वदलं तु तिथिः प्रवर्तमानस्य विषुवस्य ॥ ४२७ ॥

अर्थः— अपनां इष्ट विषुप जेथवां होइ तीह प्रमाणकौं दूणाकरिये तामैं एक घटाइए बहुरि अवशेषकौं छह गुणा किएं पर्वनिका प्रमाण आवै है। बहुरि तिस पर्व प्रमाणका आधा सो प्रवर्तमान विवक्षित विषुपका तिथि प्रमाण हो है। तीह पर्वका आधा प्रमाण पंद्रहतैं अधिक होइ तो पंद्रहका भाग दिएं जो लब्ध प्रमाण होइ सो तो पर्व संख्याविषैं जोडिए अर अवशेष रहै सो तिथिका प्रमाण हो है। इहां उदाहरण—इष्ट

विषुप पहला ताकौं दूणां किंए दोय तामैं एक घटाएं अवशेष एक ताकौं छह गुणां किएं छहसो प्रथम विषुपविषैं युग आरंभतैं व्यतीत पर्वनिका प्रमाण छह है। बहुरि तीह पूर्व प्रमाणका आधा तीनसो प्रथम विषुप-विषैं तिथि तृतीया है। दूसरा उदाहरण—इष्ट विषुप दशवां ताकौं दूणा किएं बीस तामैं एक घटाएं उगणीस ताकौं छह गुणा किएं एक सौ चौदह सो पर्व प्रमाण ताका आधा सतावन ताकौं पंद्रहका भाग भाग दिएं तीन पाए सा पर्व संख्याविषैं मिलाएं अंत विषुपविषैं एकसौ सतरह तौ पर्वनिका प्रमाण है। अर अवशेष बारह रहे सो तिथि द्वादशी। ऐसें अन्य विषुपनिविषैं भी जाननां ॥ ४२७ ॥

आगैं आवृत्ति अर विषुपविषैं तिथि संख्याकौं कहैं हैं,—

वेगपद छग्गुणं इगितिजुदं आउट्टिइसुपतिहिसंखा ॥
विसमतिहीए किण्हो समतिथिमाणो हवे सुक्को ॥ ४२८ ॥
व्येकपदं षड्गुणं एकत्रियुतं आवृत्तिविषुपतिथिसंख्या ॥
विषमतिथौ कृष्णः समतिथिमानो भवेत् शुक्लः ॥ ४२८ ॥

अर्थः—इष्ट भूत जेथवीं आवृत्ति होइ तिस आवृत्ति स्थानक-मैंस्यों एक घटाइए अवशेष छह गुणाकरि दोय जायगा स्थापिए तहां एक जायगा एक और मिलाइए एक जायगा तीन और मिलाइए तब क्रमतैं आवृत्ति अर विषुपविषैं तिथिको संख्या हो है तिनिविषैं जो एक तृतीया पंचमी आदि विषम गणनारूप तिथि होइ तौ तहां कृष्ण पक्ष है। बहुरि द्वितीया चतुर्थी षष्ठी आदि समतिथि हैं तौ तहां शुक्ल पक्ष है। उदाहरण इष्ट आवृत्ति प्रथम तामैं एक घटाएं शून्य ताकौं छह गुणा किएं भी शून्य होइ ताकौं दोय जायगा स्थापि तातैं एक जायगा एक जोडें एक होइ सो प्रथम आवृत्ति विषैं तिथि एक है सो यहु विषम तिथि है तातैं इहां कृष्ण पक्ष जाननां। बहुरि दूसरी जायगा तीन जोडें तीन होइ सो प्रमथ आवृत्ति संबंधी

प्रथम विषुपविषैं तिथिका तृतीया है । यहुभी विषम तिथि है तातैं इहां भी कृष्ण पक्ष ही जाननां ।

बहुरि दूसरा उदाहरण—इह आवृत्ति दशमी तामैं एक घटाए नव ताकौं छह गुणा किएं चौवन तिनकौं दोय जायगा स्थापि एक जायगा एक और मिलाएं पचावन होई ताकौं पंद्रहका भाग दिएं अवशेष दश रहे सोई दशवीं आवृत्तिविषैं दशमी तिथि है । इहां शुक्ल पक्ष जाननां । बहुरि दूसरी जायगा तीन और मिलाएं सतावन होइ ताकौं पंद्रहका भाग दिएं अवशेष बारह रहे सोई दशवां विषुपविषैं तिथि द्वादशी है । यहु भी सम तिथि हैं । तातैं इहां भी शुक्ल पक्ष जाननां । ऐसेही अन्य आवृत्ति वा विषुपविषैं साधन करनां ॥४२८॥

आगैं विषुपविषैं नक्षत्रनिका वा सर्व तिथि ल्यावनैका विधान कहै हैं;—

आउट्टिलद्धरिक्खं दहजुद छट्ठट्ठदसमगेणूणम् ॥
इसुपे रिक्खा पण्णरगुणपव्वाजुदतिही दिवसा ॥ ४२९ ॥
आवृत्तिलब्धऋक्षं दशयुतं षष्ठाष्टदशमके एकोनं ॥
विषुवे ऋक्षाणि पंचदशगुणपर्वयुततिथयः दिवसानि ॥४२९

अर्थः—आवृत्तिविषैं जो नक्षत्र पाया ताका आगला नक्षत्रसौं लगाय जो दशवां नक्षत्र होइ सो तीह आवृत्ति संबंधी नक्षत्र जाननां । तहां छठा आठवां दशवां विषुपविषैं एक घटावनां जो नवमां ही नक्षत्र होइ सो तीह विषुपविषैं जाननां । उदाहरण-दूसरी आवृत्ति विषैं हस्त नक्षत्र है । तातैं आगैं चित्रातैं लगाय दशवां नक्षत्र धनिष्ठा है । सोई दूसरा विषुपविषैं नक्षत्र जाननां । बहुरि दूसरा उदाहरण छठी आवृत्तिविषैं पुष्य नक्षत्र है । तातैं अगिला आश्लेषातैं लगाय नवमां नक्षत्र रोहिणी है सोई छठा विषुपविषैं नक्षत्र जाननां इहां छठा आठवां

दशवांविषैं एक घाटि कह्या है। तातैं नवमां नक्षत्र ही ग्रहण किया। इहां गणनांविषैं अभिजितका ग्रहण करना। ऐसैं ही अन्य विषुपनिविषैं नक्षत्र साधन करनां। बहुरि आवृत्ति वा विषुपविषैं पर्व प्रमाणकौं पंद्रह गुणां करि तामें तिथिप्रमाण मिलाएं समस्त दिननिका प्रमाण हो है।

उदाहरण—दूसरी आवृत्तिविषैं पर्वप्रमाण बारह तिनकौं पंद्रह गुणां किएं एकसौ असी भएं, तहां तिथि प्रमाण सात मिलाएं एकसौ सित्यासी भए सोई युगके आरंभतैं एकसो सित्यासी दिन व्यतीत भएं दूसरी आवृत्ति हो है। इहां एकसौ तियासी दिन व्यतीत भए ही दूसरी आवृत्ति हो है तथापि घटती तिथिकी विवक्षा न करि पक्षके पंद्रह दिन गिणि ऐसा कथन किया है। ऐसे ही अन्य आवृत्ति वा विषुपनिविषैं साधन करनां ॥ ४२९ ॥

आगैं विषुपविषैं नक्षत्रका स्थापनां अन्य प्रकारकी दोय गाथानिकरि कहै हैं—

> आउट्टिरिक्खमस्सिणिपहुदीदो गणिय तत्थ अट्ठजुदे ॥
> इसुपेसु होंति रिक्खा इह गणना कित्तियादीदो ॥ ४३० ॥
> आवृत्तिऋक्षं अश्विनीप्रभृतितः गणयित्वा तत्र अष्टयुते ॥
> विषुपेषु भवन्ति ऋक्षाणि इह गणना कृत्तिकादितः ॥४३०

अर्थ—आवृत्तिका नक्षत्रकौं अश्विनी नक्षत्रतैं लगाय गिणिए जेथवां होइ तिहविषैं आठ मिलाएं जो प्रमाण होइ तिहविषैं आठ मिलाए जो प्रमाण होइ तेथवां नक्षत्र विषुपविषैं जाननां इहां गणना कृत्तिका आदितैं करनी। उदाहरण-विवक्षित तीसरी आवृत्तिका नक्षत्र मृगशीर्षा सो अश्विनी मृगशीर्ष नक्षत्र पांचवो है। बहुरि पांचविषैं आठ मिलाए तेरह होइ तो कृत्तिका नक्षत्रतैं तेरहवां नक्षत्र स्वाति है। सोई गणना किए तीसरा विषुपविषैं स्वाति नक्षत्र जाननां ॥ ४३० ॥

आगैं आवृत्ति नक्षत्रका प्रमाणविषैं आठ मिलाए नक्षत्र प्रमाणतैं राशि अधिक होइ तौ कहा करिए सो कहे हैं—

अहियंकादडवीसं छंडेज्जो विदियपंचमठाणे ॥
एक्कं णिक्खिवछट्ठे दसमेवि य एक्कमवणिज्जो ॥ ४३१ ॥
अधिकांकादष्टविंशं त्याज्याः द्वितीयपंचमस्थाने ॥
एकं निक्षिपषष्ठे दशमेऽपिच एकमपनेयम् ॥ ४३१ ॥

अर्थ—आवृत्ति नक्षत्रकों अश्विनीतैं गिनैं जेथवां होइ तामैं आठ मिलाए जो अट्ठाईसतैं अधिक राशि होइ तौ तिहमैंस्यौं अठाइस घटाए। अर दूसरा पांचवां आवृत्तिस्थानविषैं आठ मिलाए जो राशि होइ तामैं एक और घटाइए। अर छटा दशवां आवृत्ति स्थानमेंस्यौं एक घटाइए इनका उदाहरण चौथी आवृत्तिविषैं शतभिषक नक्षत्र है सो अश्विनीतैं पचीसवां है। तामैं आठ मिलाए तेत्तीस होइ तिनमैं सौं अठाइस घटाए पांच रहे सो कृत्तिकातैं पांचवां नक्षत्र पुनर्वसु है। सोइ चौथा विषुवविषैं जाननां ऐसे अन्यत्र भी जाननां। बहुरि दूसरी आवृत्तिविषैं हस्त नक्षत्र है सो अश्विनीतैं तेरहवां है तामैं आठ मिलाएं इकईस होइ एक और मिलाए बाईस होइ सो कृत्तिकातैं बाईसवां धनिष्ठा है सोई दूसरा विषुवविषैं जाननां। ऐसे पांचवां स्थानविषैं जानि लेना। बहुरि छट्ठी आवृत्तिविषैं पुष्य नक्षत्र है सो अश्विनीतैं आठवां है। तामैं आठ मिलाए सोलह होई तामैं एक घटाए पंद्रह रहैं सो कृत्तिकातैं पंद्रहवां नक्षत्र अनुराधा है। सोई पांचवां विषुवविषैं नक्षत्र हैं। ऐसैं दहवां स्थानविषैं भी जानि लेनां। इहा अट्ठाईस नक्षत्रकी विवक्षा है तातै गणनाविषैं अभिजितका भी ग्रहण करनां ॥ ४३१ ॥

आगै नक्षत्रनिके नाम अनुक्रमतैं कहैं हैं।—

किंत्तिय रोहिणी मियसिर अद्दपुणव्वसु सपुस्स असिलेस्सा
महपुव्वुत्तर हत्था चित्ता सादी विसाह अणुराहा ॥४३२॥

कृत्तिका रोहिणी मृगाशीर्षा आद्रा पुनर्वसुः सपुष्यः आश्लेषा।
मघा पूर्वा उत्तरा हस्तः चित्रा स्वातिः विशाखा अनुराधा ॥

अर्थः—कृत्तिका, रोहिणी, मृगशीर्ष, आद्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा ॥ ४३२ ॥

जेट्ठा मुल पुवुत्तर आसाढा अभिजिसवण सधणिट्ठा ॥
तो सदभिस पुव्वुत्तर भद्दपदा रेवस्सिणी भरणी ॥ ४३३ ॥

ज्येष्ठा मुलं पुर्वोत्तरौ आषाढौ अभिजित् श्रवणः सधनिष्ठा।
ततः शतभिषा पूर्वोत्तर भाद्रपदा रेवती अश्विनी भरणी ॥

अर्थः—ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ, उत्तराषाढ, अभिजित, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषक, पूर्वभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा,. रेवती, अश्विनी, भरणी, ए अट्ठाईस नक्षत्रनिके नाम हैं। गणना विषैं इस क्रमतैं गिननैं।४३३।

आगै नक्षत्रनिके अधिदेवतानिकौं दोय गाथानिकरि कहैं हैं।—

अग्गि पयावदि सोमो रुद्दोदिति देवमंति सप्पो य ॥
पिदुभग अरियमदिणयर तोट्ठणिलिंदग्गिमित्तिंदा ॥ ४३४ ॥

अग्निः प्रजापतिः सोमः रुद्रः अदितिः देवमंत्री सर्पश्च ॥
पिताभगः अर्यमादिनकरः त्वष्टा अनिलेंद्राग्निमित्रेंद्राः ॥४३४॥

अर्थः—अग्नि, प्रजापति, सोम, रुद्र, दिति, देवमंत्री, सर्प, पिता. भग, अर्यमा, दिनकर. त्वष्टा, अनिल, इंद्रग्नि, मित्र, इंद्र ॥ ४३४ ॥

तो णेरिदि जल विस्सो बम्हा विण्हू वसूय वरुण अजा ॥
अहिवड्ढिपूसण अस्सा जमोवि अहिदेवदा कमसो ॥ ४३५ ॥
ततः नैर्ऋतिः जलः विश्व. ब्रम्हा विष्णुः वसुश्च वरुणः अजः ॥
अभिवृद्धिः पूषा अश्वः यमोऽपि अधिदेवताः क्रमशः ॥४३५॥

अर्थः—तहां पीछैं नैऋति, जल, विश्व, ब्रह्मा, विष्णु, वसु, वरुण अज, अभिवृद्धि, पूषा, अश्व, यम, ए कृत्तिका आदि नक्षत्रनिके अनुक्रमकरि अधिदेवता है। नक्षत्ररूप तारानिके स्वामी जे देव तिनके ए नाम जाननें ॥ ४३५ ॥

आगैं नक्षत्रनिकी स्थितिविशेषका विधान कहैं हैं।—

कित्तियपडंतिसमये अट्ठमघरिक्खमेदि मज्झण्हं ॥
अणुराहारिक्खुदओ एवं सेसे वि भासिज्जो ॥ ४३६ ॥
कृत्तिकापतनसमये अष्टमं महाऋक्षं एति मध्याण्हम् ॥
अनुराधाऋक्षोदयः एवं शेषेषु अपि भाषणीयं ॥ ४३६ ॥

अर्थ·—कृत्तिका नक्षत्रका पतन समय कहिये अस्त होनैंका काल तिहविषैं इस कृत्तिकातैं आठवां मघा नक्षत्र सो मध्यान्ह कहिए बीचि प्राप्त हो है। बहुरि तीह मघातैं आठवां अनुराधा नक्षत्र सो उदय होय है। ऐसे ही रोहिणी आदि नक्षत्रनिविषैं जो नक्षत्र अस्त होइ तीह समय तीह नक्षत्रसौं आठवां नक्षत्र मध्यान्हकौं प्राप्त होइ है। अर तीहसौं आठवां नक्षत्र उदयकौं प्राप्त होइ ऐसा करना ॥ ४३६ ॥

आगैं चंद्रमाके पंद्रह मार्ग हैं तिनविषैं इस मार्गविषैं ए नक्षत्र तिष्ठै हैं। ऐसा तीन गाथानिकरि कहैं हैं।—

अभिजिणवसादि पुव्वुत्तरा य चंदस्स पढममग्गम्मि ॥
तदिएमघापुणव्वसुसत्तमिए रोहिणी चित्ता ॥ ४३७ ॥

अभिजिन्नवस्वातिः पूर्वोत्तरा च चंद्रस्य प्रथममार्गे ॥
तृतीये मघा पुनर्वसु सप्तमे रोहिणी चित्राः ॥ ४३७ ॥

अर्थ.—अभिजित आदि नव सो अभिजित, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा, रेवती, अश्विनी, भरणी, अर ए नव स्वाति, पूर्वाफाल्गुनि, उत्तराफाल्गुनि ए बारह तौ चंद्रमाके प्रथम मार्ग विषैं विचरे हैं। चंद्रमाका प्रथम अभ्यंतर वीथीरूप परिधि तीहविषैं भ्रमण करे हैं। ऐसै ही तीसरा मार्गविषैं मघा पुनर्वसु ए दोय नक्षत्र विचरै हैं। सातवां मार्गविषैं रोहिणी चित्रा ए दोय नक्षत्र विचरैं हैं॥ ४३७ ॥

छट्ठट्ठमदसमेयारसमे किन्तिय विसाह अणुराहा ॥
जेट्ठा कमेण सेसा पण्णारसमम्हि अट्ठेव ॥ ४३८ ॥
षष्ठाष्टमदशमैकादशे कृत्तिका विशाखा अनुराधा ॥
ज्येष्ठा क्रमेण शेषाणि पंचदशे अष्टैव ॥ ४३८ ॥

अर्थः—छट्टा मार्गविषै कृत्तिका आठवांविषै विशाखा दशवांविषै अनुराधा ग्यारवांविषै ज्येष्ठा क्रमकरि विचरैं हैं। अवशेष आठ नक्षत्र पंद्रहवां अंतका मार्गके ऊपरि विचरैं हैं॥ ४३८ ॥

ते शेष आठ नक्षत्र कौन सो कहैं हैं:—

हत्थं मूलतियं विय मियसिरदुग पुस्सदोण्णि अट्ठेव ॥
अट्ठपहेणक्खत्ता तिट्ठंतिहु बारसादीया ॥ ४३९ ॥
हस्तः मूलत्रयं अपि मृगशीर्षादिकं पुष्यद्वयं अष्टैव ॥
अष्टपथे नक्षत्राणि तिष्ठंति हि द्वादशादीनि ॥ ४३९ ॥

अर्थः—हस्त, मूल त्रय कहिए—मूल पूर्वाषाढ, उत्तराषाढा, मृगशीर्षा द्विक कहिए—मृगशीर्षा, आर्द्रा, पुष्यद्वयं कहिए—पुष्य, आश्लेषा

ए आठ अवशेष जाननें । ऐसैं प्रथमादिक पथनिविषैं आदि नक्षत्र चंद्रमाके आठ पथनिकै ऊपरि तिष्ठै हैं ॥ ४३९ ॥

आगैं नक्षत्रनिके तारानिकी संख्या दोय गाथानिकरि कहै हैं ।—

किंत्तिय पहुदिसु तारा छप्पणतियएक्कछत्तिछक्कचऊ ॥
दो द्दो पंचेक्केक्कं चउछत्तियणवचउक्कचऊ ॥ ४४० ॥
कृत्तिका प्रभृतिषु ताराः षट्पंचतिस्रः एकषटत्रिषट्चतु ॥

द्वे द्वे पच एकैका चतुः षट्त्रिकनवचतुष्काः चतस्रः । ४४० ॥
अर्थः—कृत्तिका आदि नक्षत्रनिके तारे अनुक्रमकरि छह पाच तीन एक छह तीन छह च्यारि दोय दोय पांच एक एक च्यारि छह तीन नव च्यारि च्यारि ॥ ४४० ॥

तिय तिय पचेक्कारहियम य दो द्दो कमेण बत्तीसा ॥
पंच य तिण्णि य तारा अट्ठावीसाण रिक्खाणं । ४४१ ॥
तिस्रः तिस्रः पचकादशाधिकशतद्वे द्वे क्रमेण द्वात्रिंशत् ॥
पंच च तिस्रः च तारा अष्टाविंशानां ऋक्षाणां ॥ ४४१ ॥

अर्थः—तीन तीन पांच ग्यारह अधिक एक सौ दोय दोय बत्तीस पांच तीन ऐसैं ए तारा क्रमकरि अट्ठाईस नक्षत्रनिके हैं ॥ ४४१ ॥

आगैं तिन तारानिका आकार विशेषकों तीन गाथानिकरि कहैं हैं;—

बीयणसअलुद्धीए मियसिरदीवे य तोरणे छत्ते ॥
वम्मियगोमुत्ते विय सरजुगहत्थुप्पले दीवे ॥ ४४२ ॥
बीजनशकटोद्धिका मृगशिरदीपे च तोरणे छत्रे ॥
वल्मीकगोमूत्रे अपि शरयुगहस्तोत्पले दीपे ॥ ४४२ ॥

अर्थः—कृत्तिका नक्षत्रकैं छह तारे हैं तिनका आकार बीजनासदृश है। ऐसेही रोहिणी आदि नक्षत्रके तारानिका आकार क्रमतैं गाडेकी

ऊद्धिका, हिरणका मस्तक, दीपक, तोरण, छत्र, बंबई, गऊका मूत्र, शरकायुगल, हाथ, कमल, दीपक ॥ ४४२ ॥

अधियरणे वरहारे वीणासिंगे य विच्छिए सरिसा ॥
दुक्कयवावीहरिगजकुंभे मुरवे पतंतपक्खीए ॥
अधिकरणे वरहारे वीणाश्रृंगे च वृश्चिकेन सदृशाः ॥
दुष्कृतवापीहरिगजकुम्भेन मुरजेन पतत्पक्षिणा ॥ ४४३ ॥

अर्थः—अहिरिणी, उत्कृष्टहार, वीणाका श्रृंग, वीछू जीर्ण वावडी, सिंहका कुंभस्थल, मृदंग, पडतापंखी ॥ ४४३ ॥

सेणागयपुव्वावरगत्ते णावाहयस्स सिरसरिसा ॥
चुल्लीपासाणणिभा कित्तिय आदीणि रिक्खाणि ॥४४४॥
सेनागजपूर्वावरगात्रे नावाहयस्य शिरसाः सदृशाः ॥
चुल्लीपाषाणनिभा कृत्तिकादीनि ऋक्षाणि ॥ ४४४ ॥

अर्थः—सेना, हस्तीका आगिला शरीर, हस्तीका पाछिला शरीर, नाव, घोडेका मस्तक, चूल्हाका पाषाण समान आंकारकौं धरैं हैं तारे जिनके ऐसे कृत्तिकादि नक्षत्र जाननें ॥ ४४४ ॥

आगैं कृत्तिकादि नक्षत्रनिके परिवाररूप तारानिकों कहैं हैं;—

एक्कारसयसहस्सं सगसगतारापमाणसंगुणिदं ॥
परिवारतारसंखा कित्तियणक्खत्तपहुदीणं ॥ ४४५ ॥
एकादशशतसहस्रं स्वकस्वकताराप्रमाणसंगुणितम् ॥
परिवारतारा संख्या कृत्तिका नक्षत्रप्रभृतीनाम् ॥ ४४५ ॥

अर्थ—ग्यारह अधिक एकसौ सहित एक हजारकौं अपनें अपनें तारानिका प्रमाणकरि गुणें जो प्रमाण होइ सो कृत्तिका नक्षत्र आदि नक्षत्रनिको परिवाररूप तारेनिकी संख्या जाननी ।

उदाहरण—कृत्तिका नक्षत्रके मूलतारे छह हैं इनिकौं ग्यारहसै ग्यारहकरि गुणे छह हजार छहसै छासठि तारे कृत्तिका नक्षत्रके परिवार के हैं। ऐसें ही रोहिणी आदिके भी जानने नक्षत्रनिके जे आधिदेवता तिनिके अनुसारी इनिविषैं बसै है ॥ ४४५ ॥

आगैं पंच प्रकार ज्योतिषी देवनिकी आयु प्रमाण कहैं हैं;—

इंदिणसुक्कगुरिदरेलक्खसहस्ससयं च सहपल्लं ॥
पल्लंदलं तु तारे वरावरं पादपादद्धं ॥ ४४६ ॥
इंद्विनशुक्रगुर्वितरेषुलक्षलं सहस्रंशतं च सहपल्यम् ॥
पल्यंदलं तु तारा सुवरमवरं पादपादार्धम् ॥ ४४६ ॥

अर्थ:—चंद्रमा सूर्य शुक्र बृहस्पति इतर इनविषैं क्रमतैं लाख हजारसौ वर्षसहित पल्य अर्द्धपल्य प्रमाण आयु है। भावार्थ:-चंद्रमाका आयु लाख वर्ष सहित पल्य प्रमाण है। सूर्यका आयु हजार वर्षसहित पल्य प्रमाण है। शुक्रका आयु सौ वर्षसहित पल्य प्रमाण है बृहस्पतिका आयु पल्य प्रमाण है। इतर बुध मंगल शनैश्चरादिकका आयु आध पल्य प्रमाण है। बहुरि तारे कहिए तारा अर नक्षत्र इनका आयु उत्कृष्ट तौ पाद कहिए पल्यका चौथा भाग प्रमाण है। अर जघन्य पदार्ध कहिए पल्यका आठवां भाग प्रमाण है ॥ ४४६ ॥

आगैं चंद्रमा सूर्यनिकी देवांगनानिकौं दोय गाथानिकरि कहै हैं—

चंदाभा य सुसीमापहंकरा अच्चिमालिणी चंदे ॥
सूरेदुदिसूरपहापहंकराअच्चिमालिणी देवी ॥ ४४७ ॥
चंद्राभा च सुसीमाप्रभंकरा अर्चिमालिनी चंद्रे ॥
सूर्ये द्युतिः सूर्यप्रभा प्रभंकरा अर्चिमालिनी देव्यः ॥४४७॥

अर्थ—चंद्राभा, सुसीमा, प्रभंकरा, अर्चिमालिनी ए च्यारि चंद्रमाके पट्ट देवांगना हैं। बहुरि सूर्यके द्युति, सूर्यप्रभा, प्रभंकरा, अर्चिमालिनी ए च्यारि पट्टदेवी हैं ॥ ४४७ ॥

जेट्ठा ताओ पुह पुह परिवारचदुस्सहस्सदेवीणं ॥
परिवारदेविसरिसं पत्तेयमिमा विउव्वन्ति ॥ ४४८ ॥
ज्येष्ठाः ताः पृथक् पृथक् परिवारचतुः सहस्रदेवीनाम् ॥
परिवारदेवीसदृशं प्रत्येकमिमाः विकुर्वन्ति ॥ ४४८ ॥

अर्थ—ते ज्येष्ठ कहिए पट्ट देवी पृथक् पृथक् च्यारि हजार परिवार देवनिकी हैं। भावार्थः—च्यारि च्यारि हजार परिवार देवांगनानिकी एक एक पट्ट देवांगना है। बहुरि इस परिवार देवी समान संख्याकों प्रत्येक विक्रिया करै हैं। स्पष्टीकरणः—एक एक पट्टदेवांगना विक्रिया करै तौ च्यारि हजार हो हैं ॥ ४४८ ॥

आगैं ज्योतिष्क देवांगनानिका आयु प्रमाण कहै हैं—

जोइसदेवीणाऊ सगसगदेवाणमद्धयं होदि ॥
सव्वणिगिट्ठसुराणां बत्तीसा होंति देवीओ ॥ ४४९ ॥
ज्योतिष्कदेवीनामायुः स्वकस्वकदेवामर्धं भवति ॥
सर्वनिकृष्टसुराणां द्वात्रिंशत् भवंति देव्यः ॥ ४४९ ॥

अर्थ—ज्योतिष्क देवांगनाका आयु अपनें अपनें भर्तार देवनिका आयुतैं अर्धप्रमाण जाननां। बहुरि इहां सर्वतैं निकृष्ट हीन पुन्यवान् देवतिनकै बत्तीस देवांगना हो हैं। मध्यविषैं यथायोग्य देवांगनानिकी संख्या जाननी ॥ ४४९ ॥

आगैं भवनत्रिकविषैं जे जीव उपजैं है तिनकौं कहैं हैं—

उम्मग्गचारिसणिदाणणलादि मुदा अकामणिज्जरिणो ॥
कुदवा सबलचारित्ता भवणतिय जंति ते जीवा ॥४५०॥
उन्मार्गचारिणः सनिदानाः अनलादिमृता अकामनिर्जरिणः ॥
कुतपसः शबलचारित्रा भवनत्रये यांति ते जीवाः ॥ ४५० ॥

अर्थ— " उन्मार्गचारी " कहिए जिनमततैं विपरीत धर्मके आचरनवाले, बहुरि " सनिदाना " कहिए निदानजिननैं किया होइ। बहुरि " **अनलादिमृता** " कहिए अग्नि जल झंपापात आदिकतैं मूए, बहुरि " अकामनिर्जरिणः " कहिए विना अभिलाष बंधादिकके निमित्ततैं परीषह सहनादि करि जिनकैं निर्जरा भई बहुरि " कुतपसः " कहिए पंचाग्नि आदि खोटे तपके करनेवाले बहुरि " शबल चारित्राः " कहिए सदोष चारित्रके धरनहारे जे जीव हैं ते भवत्रय जो भवनवासी व्यंतर ज्योतिषी तिनविषै जाय उपजै हैं ॥ ४५० ॥

ऐसैं **ज्योतिर्लोकका** अधिकार समाप्त भया।

इति श्री नेमिचंद्राचार्य विरचित त्रिलोकसारमें चौथा ज्योतिर्लोकका अधिकार समाप्त भया ॥ ४ ॥

निर्माल्यसंबंधी ध्यानमें रखनेयोग्य श्लोक.

पुत्तकलत्तविहीणो दारिद्दो पंगुमूकबहिरंधो ।
चाण्डालाइकुजादो पूजादाणाइ दव्वहरो ॥ ३२ ॥

(कुंदकुंदाचार्यकृत रयणसार)

" देवतानिवेद्यानिवेद्यग्रहणम् ॥

त्रिक)